


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 273

ग्वालियर, शनिवार, 27 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### भारत में 6.2 करोड़ आवारा कुत्ते और 91 लाख आवारा बिल्लियां

**नई दिल्ली।** भारत में करीब 6.2 करोड़ आवारा कुत्ते और 91 लाख आवारा बिल्लियां हैं।वहीं देश की 77 प्रतिशत आबादी का कहना है कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार आवारा कुत्ते को देखते हैं। एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।रिपोर्ट के आंकड़ों ने आवारा पशुओं की बढ़ती आबादी का भी खुलासा किया।रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग 68 प्रतिशत (लगभग 10 में से 7) आबादी का कहना है कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार एक आवारा बिल्ली देखते हैं, जबकि लगभग 77 प्रतिशत (10 में 8) का कहना है कि सप्ताह में कम से कम एक बार वे एक आवारा कुत्ते को देखते हैं।'' नए सूचकांक के अनुसार देश में लगभग आठ करोड़ आवारा बिल्लियां और कुत्ते हैं, जिनमें 6.2 करोड़ आवारा कुत्ते और 91 लाख आवारा बिल्लियां शामिल हैं। साथ ही शेल्टर होम में 88 लाख आवारा कुत्ते और बिल्लियां हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 85 प्रतिशत पालतू पशु परित्यक्त हैं। भारत में सामान्य आबादी के 61 प्रतिशत का कहना है कि वे दूरी, प्रतिष्ठा या सुविधाओं जैसे व्यावहारिक कारणों से पशु चिकित्सक के पास नहीं जाते हैं। यह वैश्विक औसत 31 प्रतिशत से काफी अधिक है और सूचकांक के अनुसार यह 'ऑल पेट्स केयर फॉर' स्कोर को नीचे ले जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन में अनुमानित 7.5 करोड़, अमेरिका में 4.8 करोड़, जर्मनी में 20.6 लाख, ग्रीस में 20 लाख, मैक्सिको में 74 लाख, रूस और दक्षिण अफ्रीका में 41 लाख और ब्रिटेन में 11 लाख बेघर कुत्ते और बिल्लियां हैं।

### केंद्र सरकार संविधान के नाम पर कर रही है पाखंड : येचुरी

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने संविधान दिवस के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सरकार पर निशाना साधा। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि सरकार संविधान की मूल विशेषताओं को कमजोर कर रही है। कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने संसद के केंद्रीय कक्ष में शुक्रवार को आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम का बहिष्कार किया। कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, भाकपा, माकपा, द्रमुक, अकाली दल, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद, आरएसपी, केरल कांग्रेस (एम) और आईयूएमएल इस कार्यक्रम से दूर रहे। माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा यह पाखंड की पराकाष्ठा है। जब संविधन की मूल विशेषताओं को कमतर किया जा रहा है, तो उस समय संविधान दिवस मनाया जा रहा है। सभी को संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों का हनन किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार किया है।

## कुत्ते को जहर देकर ट्रायल किया, मरते ही मैकेनिक ने परिवार के साथ जहर पिया, दीवार पर लिखा सुसाइड नोट

# भोपाल में परिवार ने जहर पिया, 2 की मौत



**भोपाल।** भोपाल में कर्ज में डूबे एक मैकेनिक ने अपनी दो बेटियों, पत्नी और मां के साथ जहर पी लिया। गंभीर हालत में करीब 12 घंटे बाद मैकेनिक की नाबालिग बेटी और 67 साल की मां ने दम तोड़ दिया। परिवार ने जहर पीने के पहले जहर का ट्रायल अपने घर में पले कुत्ते पर किया। उसे गोलियां बनाकर जहर दिया गया। उसके मरने के बाद कोल्ड्रिंग्स में जहर मिलाकर खुद और पूरे परिवार को पिला दिया। मरने के पहले उन्होंने दीवार एक सुसाइड नोट लिखा। इसका वीडियो भी बनाया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह मजबूरी में यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने इंसाफ चाहिए। इसका वीडियो भी बनाकर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसी वीडियो के सामने आने के बाद जब पुलिस उनके घर तक पहुंची, तो सभी गंभीर हालत में मिले थे। एएसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि गुरुवार रात को एक वीडियो सामने आया। इसमें एक परिवार के सुसाइड किए जाने की बात थी। मामले की गंभीरता को लेते हुए पिपलानी पुलिस को तत्काल मौके पर भेजा गया। न्यू अशोक विहार कॉलोनी आनंद नगर में रहने वाले 47 साल के संजीव जोशी का घर था। संजीव पेशे से मैकेनिक है। अंदर जाने पर संजीव उनकी 67 वर्षीय मां नंदनी जोशी, 45 साल की पत्नी अर्चना, 19 साल की बड़ी बेटी ग्रिश्मा जोशी और 16 साल की छोटी बेटी पूर्वी जोशी बेसुध पड़े हुए थे। सभी को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे पूर्वी ने दम तोड़ दिया। कुछ देर बाद 67 साल की नंदनी की भी सांसें टूट गईं।

### दीवार पर लिखा सुसाइड नोट

मरने के पहले संजीव और उनके परिवार ने घर की सभी दीवारों पर सुसाइड नोट लिखा है। इसमें हमें इंसाफ चाहिए से लेकर हम वापस आएंगे तक की बात लिखी है। हम मजबूर हैं कायर नहीं। हमारे हाथ का कलेवा न खोले। हमारी मौत के लिए यह जिम्मेदार हैं। इस तरह से घर की सभी दीवारों पर लिखा गया है। इसका उन्होंने वीडियो बनाया। इसमें परिवार के साथ घर के अंदर बैठे नजर आ रहे हैं। वीडियो में मारे हुए कुत्ते को भी दिखाया गया है। लिखे नाम की पुलिस जांच कर रही है। इसमें एक नाम बबली का आ रहा है।

### मकान के लिए कर्ज लिया था

एएसपी भदौरिया ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया है कि संजीव ने कई लोगों से कर्ज ले रखा था। इसमें उनके ही घर में किराए से रहने वाली एक महिला से भी करीब 2 लाख रुपए उधार लिया था। महिला अपनी बेटी के साथ उनके घर में दो दिन पहले तक किराए से रह रही थी। उसे अपनी बेटी की शादी करना था, इसलिए वह रुपए मांग रही थी। इसके अलावा भी संजीव ने कई लोगों से रुपए उधार ले रखे थे। बताया जाता है कि उन्होंने यह रुपए करीब पांच साल पहले मकान बनाने के लिए उधार लिए थे। उनके मकान की किस्त भी करीब 30 हजार रुपए से ज्यादा बताई जाती है।

### दीवार पर आवेदन भी चस्पा किए हैं

दीवार पर कुछ कागज के आवेदन भी चस्पा किए गए हैं। इनकी संख्या 13 है। एएसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस को इस बारे में पहले बताया है या नहीं इसकी भी जांच की जा रही है।

## मंत्री बिसाहूलाल के बंगले के बाहर करणी सेना ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** मंत्री बिसाहूलाल की ओर से हाल ही में एक ऐसा बयान दिया गया था, जिसको लेकर सवर्ण और खासकर राजपूत समाज के लोगों में खासा गुस्सा है। इस पर विरोध जताने के लिए गुरुवार सुबह करणी सेना पदाधिकारी व सदस्य बैनर-तख्तियां लेकर मंत्री बिसाहूलाल सिंह के बंगले का घेराव करने पहुंचे। मंत्री द्वारा कहे गए शब्दों पर विरोध जताते हुए करणी सेना के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मंत्री बिसाहूलाल सिंह के चार इमली आवास पर सुबह 11 बजे से करणी सेना के लोगों ने प्रदर्शन शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करणी सेना के कार्यकर्ताओं को बीच में रोक लिया। पुलिस की मुश्तैदी के कारण मंत्री के बंगले का घेराव नहीं नहीं कर पाए। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने अपने हाथ में बयान पर माफी मांगों मंत्री, शर्म करो, शर्म करो, महिलाओं का सम्मान करो आदि नारे लिखी तख्तियों को थाम रखा था। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने मंत्री बिसाहूलाल सिंह का पुतला भी जलाया। श्री राजपूत करणी सेना के महानगर अध्यक्ष कृष्णा बुंदेला ने कहा कि मंत्री बिसाहूलाल सिंह के बयान की समाज घोर निंदा करता है। ऐसे मंत्री जो महिलाओं का सम्मान नहीं कर सकते हैं। उन्हें भाजपा को तत्काल पद से हटा देना चाहिए। देश की आजादी से लेकर उन्नति तक स्वर्ण महिलाओं की अहम भूमिका रही है। मंत्री के बयान पर समूचे राजपूत समाज ही नहीं, अन्य सवर्ण समाज के लोगों में भी नाराजगी है। अभी सिर्फ पुतला जलाकर मंत्री के बयान का विरोध किया है। यदि आगामी दिनों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व भाजपा संगठन ने मंत्री बिसाहूलाल सिंह को पद नहीं हटाया, तो भोपाल सहित प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।








## विधायिकाओं को सरकारों के लिए जनादेश का सम्मान करना चाहिए : नायडू



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा सभापति एम.वेंकैया नायडू ने कहा कि भारत के संविधान के साथ देश को एक लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने की आवश्यकता है, देश की विधायिकाओं को संवाद और बहस द्वारा चलाया जाना चाहिए और लगातार व्यवधानों के माध्यम से इसे निष्क्रिय या वाधित नहीं रखना चाहिए। उन्होंने राज्यसभा की उत्पादकता में लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त की। श्री नायडू ने आज संसद के सेंट्रल हॉल में संविधान दिवस के अवसर पर बोलते हुए संविधान की भावना, प्रावधानों और इसके वास्तविक अभ्यास के बीच के अंतर पर विस्तार से बात की। यह कहते हुए कि संविधान मूल्यों, विचारों और आदर्शों का एक कथन है और बंधुत्व की सच्ची भावना के साथ सभी के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करने की मांग करता है। यह देश के कानून के तौर पर राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का एक सशक्त हथियार है ताकि भारत एक समुदाय के रूप में उभर सके। उन्होंने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि दूर की बात करें तो यह भूल जाना सभी के हित में होगा कि इस देश में अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक जैसा कुछ भी है। यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत एक समुदाय है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों और हितधारकों को राष्ट्र के लिए जुनून के साथ काम करना चाहिए।


## अन्नदाताओं पर अत्याचार और अहंकार के लिए जानी जाएगी बीजेपी सरकार: प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के आंदोलन का एक साल पूरा हो गया है। सरकार की ओर से कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा के बाद भी किसानों का आंदोलन जारी है। इस बीच कांग्रेस लगातार किसानों के मुद्दे पर बीजेपी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक बार फिर किसानों के आंदोलन को लेकर मोदी सरकार को घेरा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी की सरकार अहंकारी है और वो किसानों पर अत्याचार के लिए जानी जाएगी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, किसान आंदोलन का एक साल। किसानों के अडिग सत्याग्रह, 700 किसानों की शहादत और निर्मम बीजेपी सरकार के अहंकार व अन्नदाताओं पर अत्याचार के लिए जाना जाएगा। लेकिन भारत में किसान की जय-जयकार हमेशा थी, है और रहेगी। किसानों के संघर्ष की जीत इसका प्रमाण है।जय किसान। गौरतलब है कि कई किसान संगठन तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और कुछ अन्य मांगों को लेकर पिछले एक साल से दिल्ली के निकट विभिन्न स्थानों पर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार ने कृषि कानूनों को निरस्त करने का फैसला किया है। कैबिनेट की बैठक में इन कानूनों को रद्द किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी गई है। हालांकि किसान संगठन एमएसपी की कानूनी गारंटी और कुछ अन्य मांगों को पूरा किए जाने पर जोर दे रहे हैं और उन्होंने अपना आंदोलन जारी रखने का मन बनाया है।







## न्यूज़ ट्रैक....

### नडाल के बिना ही उतरेगा स्पेन

**मैड्रिड** । स्पेन की टीम डेविस कप टेनिस के फाइनल्स में अपने खिताब की रक्षा के लिए अपने स्टार खिलाड़ी राफेल नडाल के बिना ही उतरेगी। नडाल चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। इन हालातों में युवा कार्लोस अल्कारेज से टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। अल्कारेज डेविस कप में पहली बार खेलेंगे। उनके साथ अनुभवी पाब्लो कारेनो बस्टा और अल्बर्ट रामोस को टीम में लिया गया है। स्पेन की टीम यहां अपने पहले मुकाबले में इक्काडोर का सामना करेगी। इस दौरान सभी की नजरें अल्कारेज पर रहेंगी। बस्टा और रामोस दोनो ही अल्कारेज से 10 साल बड़े हैं। टीम के चौथे सदस्य 40 वर्षीय फेलिसियानो लोपेज ने तो जब एटीपी टूर में खेलना शुरू किया था तब अल्कारेज पैदा भी नहीं हुआ था। स्पेन दो साल में फिर से खिताब हासिल करने की कोशिश करेगा। गौरतलब कोरोना वायरस महामारी के कारण साल 2020 में यह टूर्नामेंट नहीं हुआ था।

### पैन को लेकर पोंटिंग के बयान से सहमत नहीं लियोन

**गोल्ड कोस्ट** । ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने कप्तानी से इस्तीफ देने वाले टिम पैन का बचाव करते हुए कहा है कि वह अभी भी विश्व के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर हैं और उनके टीम में होने से किसी का ध्यान नहीं भटकेगा। इससे पहले पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा था कि महिला सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने को लेकर जिस प्रकार पैन की चर्चा हो रही है उससे पैन को टीम में शामिल करने से खिलाड़ियों का ध्यान भटकेगा। गौरतलब है कि पैन ने साल 2017 में भेजे गए इन संदेशों की जांच के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। लियोन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि पैन के होने से किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि टीम में सभी पेशेवर खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि हमें क्या करना है और इससे आगे कैसे बढ़ना है। चयनकर्ता कहते रहे हैं कि वे सर्वश्रेष्ठ एकादश का चयन करेंगे और मेरी निगाह में पेन अभी विश्व का सबसे बेहतर विकेटकीपर है। लियोन ने कहा मैं उसे टीम में चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि विकेट के पीछे सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर रहे और मेरी नजर में वह पैन हैं। प्रत्येक गेंदबाज के पैन के साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं वह एक अच्छा इंसान होने के साथ ही टीम का सम्मानित सदस्य है।

### दुबई में लीजेंड्स लीग में खेलते नजर आये पूर्व क्रिकेट

**दुबई** । ओमान में अगले साल की शुरुआत में पूर्व क्रिकेटरों की लीजेंड्स क्रिकेटलीग के मुकाबले होंगे। इसमें दुनिया भर के नामी क्रिकेटर भाग लेंगे। लीजेंड्स क्रिकेट लीग में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य क्रिकेट देशों के पूर्व क्रिकेटर शामिल होंगे। खिलाड़ियों को तीन टीमों - भारत, एशिया और शेष विश्व में विभाजित किया जाएगा। वहीं ओमान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज खिमजी ने कहा कि खेल के दिग्गजों की मेजबानी करना उनके देश के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि ओमान का लक्ष्य खिलाड़ियों को सर्वोत्तम माहौल प्रदान करना होगा। खिमजी ने कहा कि खेल के महापुरूषों की मेजबानी करना ओमान क्रिकेट के लिए सम्मान की बात है। ओमान में स्टार क्रिकेटरों का ऐसा जमावड़ा अभूतपूर्व रहेगा और मुझे भरोसा है कि यह सिर्फ शुरुआत होगी। इससे ओमान क्रिकेटको नए अवसर मिलेंगे। भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री इस लीग के कमिश्नर होंगे।

# श्रेयस अय्यर पदार्पण टेस्ट में ही शतक लगाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने

**कानपुर** । श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपना शतक पूरा किया। इसी के साथ ही अय्यर ने एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अय्यर पदार्पण मैच में ही शतक लगाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने हैं। अय्यर ने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाये। अय्यर डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज हैं। वह 105 रन बनाकर टिम साउदी की गेंद पर विल यंग के हाथों कैच आउट हुए। श्रेयस ने अपनी पारी में 171 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के लगाये। श्रेयस न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में ही शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय हैं। इसके अलावा कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में पदार्पण मैच में ही साल 1969 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने शतक लगाया था।


भारत-न्यूजीलैंड मैच में टेस्ट पदार्पण के अवसर पर श्रीयस अय्यर को कैप सौंपते हुए पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर।

अय्यर अय्यर टेस्ट खेलने वाले 303वें भारतीय क्रिकेटर हैं।

मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और उसने पहले दिन के चार विकेट पर 258 रनों से आगे खेलते हुए लंच से पहले ही अपने बचे हुए विकेट गंवा दिये। रवींद्र जडेजा दूसरे दिन एक भी रन बनाये बिना टिम साउदी की गेंद पर आउट हो गये। जडेजा ने पहले दिन 112 गेंदों में 6 चौकों के साथ 50 रन बनाये थे। जडेजा के बाद उतरे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा भी केवल 1 रन बनाकर साउदी का ही शिकार बने।

पहले दिन सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) की पारी भी आकर्षण का केंद्र रही. चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये जबकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13 रन) मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे. लंबे कद के तेज गेंदबाज काइल जेमिसन ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला. उन्होंने सुबह के सत्र में अग्रवाल को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराने के बाद गिल और रहाणे को बोल्ड किया।

### न्यूजीलेंड के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय बने अय्यर

श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं. इसके अलावा कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय हैं. उनसे पहले साल 1969 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने ये कारनामा किया था. अय्यर ने भारतीय टीम की तरफ टी20 और वनडे डेब्यू साल 2017 में ही किया था. हालांकि उन्हें टेस्ट डेब्यू करने का मौका 4 साल बाद मिला. अय्यर टेस्ट खेलने वाले 303वें भारतीय क्रिकेटर हैं।

#### ईश्वरन के शतक और पंचाल के अर्धशतक से भारत ए का ठोस जवाब

## दक्षिण अफ्रीका ए के 509 रन के जवाब में भारत ने बनाये चार विकेट पर 308 रन



**जोहांसबर्ग** । अभिमन्यु ईश्वरन के शानदार शतक 103 और कप्तान प्रियांक पंचाल की 96 रनों की अर्धशतकीय पारी की सहायता से भारत ए ने पहले अनधिकृत टेस्ट मैच के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ए के 509 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 308 रन बना लिए थे। ईश्वरन और पंचाल के बीच दूसरे विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी हुई। दिन का खेल समाप्त होने के समय बाबा अपराजित 19 और विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव पांच रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सिपमाला ने 73 रन और लिंडे ने 32 रन देकर दो-दो विकेट लिए। वहीं इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में सात विकेट पर 509 रन बनाये थे। इस प्रकार भारत ए की टीम अब भी 201 रन से पीछे है।

तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल देर से शुरू हुआ। भारत ए ने एक विकेट पर 125 रनों से आगे खेलना शुरू किया। पंचाल और ईश्वरन ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए अपने अर्धशतक पूरे किये। पंचाल ने अपने 50 रन पूरे करने के साथ ही ईश्वरन के साथ दूसरे विकेट की के लिए अच्छी साझेदारी बनायी हालांकि वह चार रनों से अपना शतक नहीं लगा पाये। जार्ज लिंडे ने उन्हें पगबाधा आउट कर दूसरे विकेट की शतकीय साझेदारी समाप्त की। पंचाल ने 171 गेंद में 14 चौके की मदद से 96 रन बनाये।

वहीं ईश्वरन ने इसके आद हनुमा विहारी के साथ तीसरे विकेट के लिये 42 रन की साझेदारी बनायी पर लिंडे ने विहारी को 25 रनों पर आउट कर यह जोड़ी तोड़ दी। ईश्वरन ने हालांकि अपना शतक पूरा किया और 209 गेंद को खेलते हुए 103 रन बनाये। इसमें उन्होंने 16 चौके लगाये।. लुथो सिपमाला ने ईश्वरन को आउट कर भारत ए को चौथा झटका दिया।

## धोनी, ऋतुराज और जडेजा को बरकरार रखेगी सीएसके, रैना होंगे बाहर

**मुम्बई** । आईपीएल के अगले सत्र 2022 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को बरकरार रखा है। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ के भी सीएसके फ्रेंचाइजी में बने रहने की संभावना है। गत चैंपियन मोईन अली के साथ नए सत्र से पहले रिटेन करने के लिए फ्रेंचाइजी के चौथे खिलाड़ी बनने के लिए भी बातचीत कर रहे हैं। सभी आईपीएल टीमें टी20 टूर्नामेंट के अगले संस्करण के लिए कुल चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। सीएसके के सैम करेन और मोईन अली नए सत्र से पहले चौथे रिटेन्ड खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हैं। इसका मतलब यह भी है कि सीएसके दिग्गज बल्लेबाज सुरेश रैना को रिटेन नहीं कर पाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज करेगी जबकि कप्तान ऋषभ पंत के अगले सीजन में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। आईपीएल में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस






आईपीएल नीलामी से पहले रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह को रिटेन करने के लिए तैयार है। ईशान किशन 30 नवंबर की समय सीमा से पहले मुंबई इंडियंस द्वारा बनाए रखने के लिए सबसे आगे के रूप में उभरे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेगा नीलामी से पहले सुनील नरेन और आंद्रे रसेल को बनाए रखने की संभावना है।

## व्यापार न्यूज

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को लगातार 22वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा नहीं करके देश के लाखों को उपभोक्ताओं को बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। दिवाली के समय में केंद्र सरकार ने बढ़ती तेल की कीमतों से राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले वैट को कम करने का ऐलान किया था। इससे पहले सरकार ने इन पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कटौती की थी। सरकारी कंपनियों की ओर से रोजाना तेल की कीमतों में बढ़ोतरी करने का असर रोजमर्रा के सामान की कीमतों पर भी देखने को मिल रहा है। तेल के दाम में बढ़ोतरी की वजह से चावल, दाल, आटा, सरसो तेल समेत तमाम खाद्य पदार्थ और उपभोक्ता सामान महंगे हो गए हैं। वहीं हरी सब्जियों और फलों की कीमतें भी आसमान पर है, जिसकी वजह से आम आदमी की रसोई का बजट खराब हो गया है। जहां तक तेल की कीमतों की बात है तो दिल्ली में पेट्रोल का दाम 103.97 रुपए जबकि डीजल का दाम 86.67 रुपए प्रति लीटर है, वहीं मुंबई में पेट्रोल की कीमत 109.98 रुपए व डीजल की कीमत 94.14 रुपए प्रति लीटर है। पूर्वी भारत के प्रमुख शहर कोलकाता में पेट्रोल का दाम 104.67 रुपए जबकि डीजल का दाम 89.79 रुपए लीटर है, जबकि चेन्नई में भी पेट्रोल 101.40 रुपए लीटर तो डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे टूटा



**नई दिल्ली** । एशियाई बाजार और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी की वजह से विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया भी शुक्रवार के शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे टूटकर 74.60 पर खुला। बाजार के जानकारों का कहना है कि विदेशी मुद्रा बाजार में मजबूती की वजह से भारतीय रुपया की धारणा प्रभावित हुई है इसलिए रुपए में गिरावट आई है। हीं गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे की कमजोरी के साथ 74.51 रुपए के स्तर पर बंद हुआ।

### एशियाई बाजारों में गिरावट पर कारोबार

**मुंबई** । एशियाई बाजारों में गिरावट के साथ कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएकस निफटी 188.50 अंक की गिरावट दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 2.44 फीसदी की गिरावट के साथ 28,779.63 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 1.12 फीसदी की कमजोरी दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 1.29 फीसदी गिरकर 17,427.21 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 1.85 फीसदी टूटकर 24,281.49 के स्तर पर नजर आ रहा है। कोस्पी में 1.00 फीसदी टूटकर कारोबार हो रहा है। वहीं शंघाई कम्पोजिट 0.39 फीसदी की गिरावट के साथ 3,570.03 के स्तर पर दिख रहा है।

### बिजली संयंत्रों को उचित कीमत पर मिलेगी प्राकृतिक गैस

**नई दिल्ली** । पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर ने कहा कि सरकार ने बिजली संयंत्रों को उचित कीमत पर प्राकृतिक गैस उपलब्ध कराने के लिए जरूरी उपाय सुझाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। भारत की गैस-आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 24,900 मेगावाट की है लेकिन उचित दरों पर गैस की उपलब्धता नहीं होने से 14,305 मेगावाट बिजली का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। समिति के सदस्यों या उसकी रिपोर्ट के बारे में कोई ब्योरा न देते हुए कहा कि बिजली संयंत्र प्रकृतिक गैस को एक स्थिर दर पर चाहते हैं।

## नीति आयोग ने दिया प्रस्ताव

## नीति आयोग ने दिया प्रस्ताव, देश में बनेगा टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल बैंक

**नई दिल्ली** । नीति आयोग ने पूरी तरह से टेक्नोलॉजी आधारित डिजिटल बैंक गठित करने का प्रस्ताव किया है।यह बैंक देश में वित्तीय चुनौतियों से पार पाने के लिए सैद्धांतिक रूप से अपनी सेवाओं की पेशकश को लेकर फिजिकल ब्रांच के बजाय इंटरनेट और अन्य संबंधित चैनलों का उपयोग करेगा।आयोग ने यह प्रस्ताव किया है। इसमें डिजिटल बैंक लाइसेंस और नियामकीय व्यवस्था को लेकर रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।डिजिटल बैंक उसी रूप में है, जैसा कि बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 (बी आर अधिनियम) में परिभाषित किया गया है।




पेपर में कहा गया दूसरे शब्दों में ये संस्थाएं जमा प्राप्त करेंगी, ऋण देंगी और उन सभी सेवाओं की पेशकश करेंगी जिसका प्रावधान बैंकिंग नियमन अधिनियम में है।हालांकि नाम के मुताबिक डिजिटल बैंक मुख्य रूप से अपनी सेवाओं की पेशकश करने के लिए फिजिकल ब्रांच के बजाय इंटरनेट और अन्य संबंधित विकल्पों का उपयोग करेगा। भारत का सार्वजनिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर यूपीआई ने साबित किया है कि कैसे डिजिटल तरीके से चीजों को सुगम बनाकर पहुंच बढ़ाई जा सकती है।यूपीआई के जरिए लेन-देन मूल्य के हिसाब से चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।वहीं आधार सत्यापन 55 लाख करोड़ को पार कर गया है।

## ग्लोबल इंडेक्सेज में दिख सकते भारतीय बॉन्ड्स

**नई दिल्ली** । भारतीय बॉन्ड्स जल्द ही ग्लोबल इंडेक्सेज में दिख सकते हैं, क्योंकि मोदी सरकार फरवरी 2022 में पेश होने वाले आम बजट में कुछ टैक्स रियायतों का ऐलान कर सकती है।कहा जा रहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन यूरोक्लीयर सेटलमेंट को टैक्स में छूट का प्रस्ताव रख सकती हैं।यदि लॉ-मेकर्स बजट को पास करते हैं,तब भारतीय डेट् इन्डेक्स में शामिल होने के योग्य (इलिजिबल) हो जाएंगे। 2022 में मार्च के अंत तक ऐसा होगा।भारतीय बॉन्ड्स का इन्डेक्स में शामिल होना इसकारण करूशल है, क्योंकि यूरोक्लीयर डेट् ट्रांजेक्शन्स पर कैपिटल गेन टैक्स नहीं वसूलता।बता दें कि यूरोक्लीयर एक अंतरराष्ट्रीय सिक्योरिटीज़ प्लेटफार्म है। जैसे इन्डेक्स प्रोवाइडर्स पर हमेशा से भारतीय बॉन्ड्स के सेटलमेंट की मांग मुख्यतौर पर रही है।पिछले महीने अक्टूबर में,फर्म ने कहा था कि उभरती हुई बॉन्ड इंडेक्स मार्केट में भारतीय बॉन्ड्स के शामिल होने से 25 बिलियन डॉलर का विदेशी निवेश आने की संभावना है।

#### -इलेक्ट्रिक वीकल लॉन्च करने के लिए प्लानिंग शुरू

## भारत में ओप्पो लॉन्च करेगी इलेक्ट्रिक कार

नई दिल्ली । सेल्फी फोन बनाने के लिए मशहूर ओप्पो अब ई बाइक या इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। ओप्पो पहली टेक्नॉलजी फर्म हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रिक वीकल लॉन्च करने के लिए प्लानिंग भी शुरू कर दी है। साल 2023 के अंत में या 2024 की शुरुआत में कंपनी इंडिया में अपना वीकल लॉन्च कर सकती है।

इलेक्ट्रिक वीकल के मामले में शाओमी का भी नाम आ रहा है। जी हां, वहीं शाओमी, जिसके रेडमी और एमआई ब्रैंड के स्मार्टफोन भारत में सबसे ज्यादा बिकते हैं। इस चाइनीज कंपनी ने अब मार्केट में 'शाओमी ईवी' नाम की नई इलेक्ट्रिक कार कंपनी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। लंबे समय से सुनने को मिल रहा था कि शाओमी की जल्द ही कार भी आने वाली है, जो लुक और फीचर्स के मामले में शानदार होगी। शाओमी की एक खास बात ये भी है कि यह कम दाम में अच्छे फीचर्स वाले प्रोडक्ट पेश कर देती है, ऐसे में कंपनी आने वाले समय में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी तहलका मचाने की कोशिश में है और उसके लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, जहां समय के साथ इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड बढ़ रही है।

मालूम हो ?कि बीते कुछ सालों में दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वीकल्ज का क्रेज काफी बढ़ा है। कई दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनियां अपने पॉप्युलर मॉडल्स के इलेक्ट्रिक वर्जन बाजार में उतार रहे हैं। इसके अलावा कई नए मॉडल्स भी कंपनियां बाजार में लॉन्च कर रही हैं। इलेक्ट्रिक वीकल्ज पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए मौजूदा वक्त में कई ऑप्शन मौजूद हैं। अब एक और टेक्नॉलजी फर्म अपना इलेक्ट्रिक वीकल लाने की तैयारी में हैं।

## एयरटेल के सभी प्रीपेड रिचार्ज प्लान आज से हुए महंगे

**मुंबई** । एयरटले के प्रीपेड रिचार्ज प्लान शुक्रवार 26 नवंबर से महंगे हो गए हैं। अब एयरटेल का सबसे सस्ता 79 रुपये रुपए का प्लान 99 रुपए का हो जाएगा। अब एयरटल के वॉइस प्लान जो पहले 79 रुपए से शुरू था अब 99 रुपए में मिलेगा। इस प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी मिलेगी। इसके अलावा 200 एमबी डेटा और एक पैसा प्रति सेकंड वॉयस टैरिफ जैसे फायदे मिलेंगे। एयरटेल ने 149 रुपए के प्लान को बढ़ाकर 179 रुपए, 219 रुपए का 265 रुपए, 249 और 298 रुपए प्रीपेड प्लान की कीमत अब क्रमशः 299 और 359 रुपए होगी। टेलिकॉम कंपनी की सबसे फेमस 598 रुपए का प्रीपेड प्लान अब 719 रुपए में मिलेगा। एयरटेल ने अपने सभी प्रीपेड प्लान के रेट महंगा कर दिया है। 84 दिनों की वैधता वाले एयरटेल प्रीपेड प्लान की कीमत अब कम से कम 455 रुपए होगी। 598 रुपए के प्रीपेड प्लान की कीमत 719 रुपए होगी और 698 रुपए के प्लान की कीमत 839 रुपए कर दी गई है। सालाना प्रीपेड प्लान यानी 365 दिनों की वैधता के साथ वाला 1,498 प्रीपेड प्लान अब 1,799 रुपए में मिलेगा। प्रीपेड प्लान सीधे 300 रुपए बचा सकते हैं। वहीं अब 2,498 रुपए का प्लान 2,999 रुपए में मिलेगा। 48 रुपए, 98 रुपए और 251 रुपए के वाउचर अब 58 रुपए, 118 रुपए और 301 रुपए में मिल जाएगा।

## प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के 29 आवेदन ही लंबित: डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली** । उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अनुराग जैन ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दी जा रही है और वर्तमान स्थिति में केवल 29 आवेदन ही लंबित हैं। रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर आयोजित डीपीआईआईटी-फिक्की निवेशक गोलमेज बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि जिन एफडीआई प्रस्तावों पर प्रेस नोट3 (पीएन 3) के तहत विचार करने की जरूरत है, उसको सुगम बनाया जाएगा। प्रेस नोट के तहत सरकार ने भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के निवेशकों से आने वाले निवेश प्रस्तावों के मामले में पूर्व मंजूरी को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य कोविड-19 महामारी में मौके का फायदा उठाते हुए घरेलू कंपनियों के अधिग्रहण पर अंकुश लगाना है। भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमा और अफगानिस्तान हैं। उस निर्णय के अनुसार, इन देशों से आने वाले एफडीआई प्रस्तावों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी की आवश्यकता है। जैन ने कहा कि हमने तीन महीने से भी कम समय में एफडीआई के मामले में काफी मंजूरी दी है। केवल 29 प्रस्ताव ही अभी मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसमें कोई भी पीएन3 से संबंधित प्रस्ताव नहीं है। एकल मंजूरी व्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा कि अब तक 10 राज्यों और केंद्र सरकार के विभागों को एकीकृत किया गया है। 31 दिसंबर तक यह संख्या बढ़कर 14 या 16 हो जाएगी। हमारा लक्ष्य भी 32 विभागों को एकीकृत करने का है। इस बीच वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पूर्वोत्तर औद्योगिक विकास योजना अधिकार प्राप्त समिति ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 105 नई इकाइयों के पंजीकरण को मंजूरी दी है।

# दिल्ली किसान आंदोलन की बरसी पर गोहद में हुआ धरना प्रदर्शन



**भिण्ड।** तीन किसान विरोधी कानूनों की वापसी की मांग को लेकर 26नबम्बर 2020 से संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर पिछले एक वर्ष दिल्ली सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन की बरसी पर आज 26 नवंबर दिन शुक्रवार को गोहद तहसील पर संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आव्हान पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान मजदूर नौजवान महिलाएं मौजूद थी इस आंदोलन की अगुवाई मध्य प्रदेश किसान सभा सीटू जनवादी महिला समिति नौजवान सभा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा की गई इस दौरान हुई सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा राज्य सचिव प्रेम नारायण माहोर किसान नेता ओमप्रकाश बाथम किसान सभा जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, किसान नेता राजेंद्र सिंह, किसान नेता राजेश शर्मा, कुशवाह जनवादी, जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर, जनवादी नौजवान, सभा प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर, सीटू से रसीद खां, दलित शोषण मुक्ति मंच से हरगोविंद जाटव, हरविलास माहौर ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सभी वक्ताओं ने केंद्र की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मजदूर विरोधी जो कानून बनाए जा रहे हैं उन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए उन्होंने कहा संयुक्त किसान मोर्चा जो आव्हान करेगा उसे गोहद में लागू किया जावेगा वक्ताओं ने कहा हमारे जन संगठन के पास जन विरोधी कानूनों को लेकर संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है इस दौरान गोहद एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई तथा गोहद एसडीएम को इस मौके पर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम दिया गया। जिसमें स्वामीनाथन आयोग द्वारा की गई सिफारिश अनुसार किसानों को फसलों पर लाभकारी मूल्य का कानून बनाने किसानो की कर्जा मुक्ति आंदोलन के दौरान लगाए गए मुकदमे वापस लेने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टोनी को बर्खास्त कर उन पर हत्या का केस चलाने शहीद हुए किसान परिवारों को एक करोड़ मुआवजा उनके परिवार को नौकरी 3 किसान विरोधी कानून वापस लेने 44 श्रम कानून की जगह चार लेबर कोड बनाए गए उन्हें रद्द कर जैसे थे वैसे बहाल करने नया विद्युत अधिनियम 2020 वापस लिए जाने सहित स्थानीय मांगें शामिल की गई इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर सरोज श्रीवास कैलाशी बाई श्रीवास, त्रिवेणी कुशवाहा, देवी जाटव, रामश्री जाटव, रामसखी प्रजापति, चमेली बाई प्रजापति, मीराबाई प्रजापति, माया प्रजापति, प्रेमवती प्रजापति, अनीता, सुनीता, मुन्ना लाल कुशवाहा, रामगोपाल बाल्मिक, श्रीलाल माहौर, साबिर खान, आसाराम माहौर, गंगा प्रसाद माहौर, हरज्ञान माहौर, मुरारीलाल आदिवासी, मंगल राठौर, कमल सिंह माहौर सहित भारी संख्या में महिला पुरुष नौजवान मजदूर उपस्थित थे। इस दौरान अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरुद्ध भी एक ज्ञापन एसडीएम गोहद को राष्ट्रपति के नाम दिया गया।

## शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण हेतु सौंपा ज्ञापन

**भिण्ड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा गोलंबर स्थित शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण हेतु ज्ञापन दिया गया। जिसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को बताया कि गोलंबर स्थित शहीद स्मारक के बगल में एक नाला बहता है जिसका पानी स्मारक के चारों ओर भरा रहता है दुकानदारों द्वारा स्मारक के पास कचरा फेंका जा रहा है एवं असामाजिक तत्वों द्वारा रात को बैठकर वहां पर दारू पी जाती है विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन में मांग की है कि शहीद स्मारक के बगल में नाले का निर्माण कराया जाए और चारों और बाउंड्री वॉल कराई जाए जिससे स्मारक का सौंदर्यीकरण हो सके। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री कुशल शर्मा ने बताया कि प्रशासन को 7 दिवस का समय दिया गया है। दिन के अंदर अगर कार्य प्रारंभ नहीं होता तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बात होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।





## मेरा प्रयास मेहगांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा : ओ पी एस भदौरिया

**नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने ग्राम हरीक्षा में सीसी रोड का भूमि पूजन किया**

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक ओ पी एस भदौरिया ने विधायक निधि ग्राम पंचायत हरीक्षा मैं सीसी रोड एवं नाले के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्राम पंचायत हरीक्षा में सीसी रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत को आत्म निर्भर एवं विकास के लिए किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ूंगा, जिस कांग्रेस ने 15 माह की सरकार में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह नेताओं ने मेरे क्षेत्र के विकास कार्यों को रोका और सौतेला बिहार किया दिया जिसे मैंने बर्दाश्त नहीं किया कि जिसमें गांव क्षेत्र की जनता ने मुझे विकास की जिम्मेदारी दी थी और आप के आशीर्वाद और कही गई बात को ना निभा पाऊं तो मेरा जनप्रतिनिधि पर रहना नहीं बनता था।

## नैनो न्यूज

### लि[ ड मडीकल ऑक्सीजन टैंक की होगी स्थापना



**भिण्ड।** विगत बर्षो में कोविड-19 महामारी जैसी आपातकालीन त्रासदी को ध्यान में रखते हुये राज्य शासन की अनुशंसा से जिला भिण्ड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रदायगी हेतु 06 हजार लीटर का लिक्विड मेडीकल ऑक्सीजन टैंक लगाया जाना प्रस्तावित हुआ है। इस लिक्विड ऑक्सीजन टैंक की लागत लगभग 40 लाख रूपये है। यह प्लांट जिला चिकित्सालय भिण्ड में लगाया जाना तय हुआ है। डॉ. अजीत मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भिण्ड ने जानकारी देते हुये बताया कि यदि भविश्य में यह लिक्विड मेडीकल ऑक्सीजन टैंक लगता है तो आम जनसामान्य को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाना संभव हो सकेगा। यह प्लांट माह दिसम्बर के मध्य तक लगने की संभावना है जिसका कार्य प्रगति पर है।

### ग्रामीण क्षेत्रो के भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में अभ्यावेदन, शिकायते प्राप्त करने एवं उनके निराकरण के लिए सार्वजनिक भूमि सर्वेक्षण प्रकोष्ठ का गठन

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने म.प्र.शासन राजस्व विभाग भोपाल के अनुसार एवं मा.उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रचलित याचिकाओं में पारित आदेश के निर्देश संदर्भ में भिण्ड जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में अभ्यावेदन, षिकायते प्राप्त करने एवं उनके निराकरण के लिए सार्वजनिक भूमि सर्वेक्षण प्रकोष्ठ का गठन किया है। सार्वजनिक भूमि सर्वेक्षण प्रकोष्ठ में कलेक्टर अध्यक्ष होंगे।

### स्कूलों में बच्चों को पूर्व की भांति गर्म पका हुआ भोजन मीनू अनुसार देने के निर्देश

**भिण्ड ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड जेके जैन ने आदेश जारी कर कहा है कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजनांतर्गत पुनः गर्म पका हुआ भोजन प्रदाय किये जाने हेतु लेख किया गया है। म.प्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त शालाओं को शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ खोले जाने के निर्देश दिये गये है। जारी निर्देशों एवं कोविड-19 एसओपीध् गाइडलाइन, सोशल डिस्टेंसिंग के मापदंडों का पालन करते हुये जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक/ माध्यमिक/ एकीकृत शाला/ अनुदान प्राप्त विद्यालय/ मदरसों के बच्चों को पूर्व की भांति गर्म पका हुआ भोजन निर्धारित मेनू अनुसार प्रदाय किया जावे।

### आंगनबाडियों में दूध पाउडर वितरण किये जाने के निर्देश

**भिण्ड ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड जेके जैन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भिण्ड को पत्र जारी कर कहा है कि जिला स्तरीय काइसेस मैनेजमेंट कमेटी द्वारा स्थानीय परिस्थिति अनुरूप निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया जाकर कोविड-19 के संक्रमण से बचाव की मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुये आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ किये जाने के निर्देश दिये गये है।

# न्याय स्वतंत्रता एवं समानता को बढ़ावा देता है संविधान : मानसिंह



**भिण्ड।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह के नेतृत्व में न्याय,स्वतंत्रता एवं समानता को बढ़ावा देने वाला संविधान दिवस शुक्रवार को बड़े हर्ष और उल्लास से मनाया गया। संविधान दिवस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने संविधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर के इस महान योगदान के रूप में जाने जाते हैं और कहा एक ऐसा संविधान जिसका विश्व स्मरण करता है। जिस देश में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हूं वह विभिन्न जाति धर्म के लोग रहते हो पेड़ पौधे पशु पक्षी जीव जंतु सभी का ख्याल रखते हुए संविधान का निर्माण किया गया ऐसे संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को संविधान दिवस के अवसर पर याद किया जिला अध्यक्ष ने कहा कि संविधान न्याय,स्वतंत्रता एवं समानता को बढ़ावा देता है। आज के बदलते दौर में कोई भी संविधान से अनभिज्ञ नहीं है देश का प्रत्येक नागरिक संविधान के जरिए न्याय प्राप्त करता है। संविधान ने भेदभाव,जाति वर्ग जैसी कुरीतियों को जड़ खत्म कर दिया है। लिहाजा हर वर्ग का प्रत्येक नागरिक संविधान के जरिए न्याय प्राप्त कर सकता है। इतना ही नहीं संविधान के जरिए लोग समानता से जीवन यापन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) के संबंध में दिषा निर्देष जारी

**भिण्ड ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड जेके जैन ने जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयको को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) संचालित किये जाने के संबंध में केबिनेट के अनुमोदन उपरांत विस्तृत निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देषों को भेजकर निर्देशानुसार कार्यवाही करने के निर्देष दिए है। प्रमुख सचिव म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास भोपाल द्वारा प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) के लिए केन्द्र सरकार के अनुमान अनुसार शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक एक समय गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। पूर्व में इस योजना का नाम मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम योजना रहा है। वर्तमान में भारत सरकार से प्राप्त निर्देश अनुसार मध्यान्ह भोजना योजना को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) के नाम से जाना जावेगा एवं उक्त का उल्लेख भविष्य में किये जाने वाले समस्त पत्राचार में किया जावे।

## सत्ता के नशे में बीजेपी मंत्री ने दिया विवादित बयान



**गोरमी।** मेहगांव विधानसभा व पूरे मध्यप्रदेश में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत ने बीजेपी के मंत्री बिशाहुलाल के द्वारा क्षत्रिय समाज के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग किया जिसका क्षत्रिय समाज ने मेहगांव जिला भिण्ड में जूतों की माला पहनाकर पुतला फूंका जिसमें जिला संयोजक अरविंद सिंह राजावत अंकित तोमर मंत्री और मेहगांव विधानसभा अध्यक्ष संदीप सिंह भदौरिया और कौशलेंद्र भदौरिया मेहगांव उपाध्यक्ष व सैकड़ों की जनसंख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने मिलकर मुर्दाबाद के नारे लगाए और इस्तीफे की मांग के साथ माफी भी मंगाने को कहा साथ ही सरकार को इस पर ध्यान देने के लिए कहा अगर ध्यान नही दिया तो चेतावनी देते हुए कहा कि 2018 की विधानसभा की चुनाव की तरह से अगले चुनाव के लिए तैयार रहें क्षत्रिय समाज पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी।

## पंचायतों की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**भिण्ड ।** राज्य निर्वाचन आयोग एवं राज्य शासन द्वारा जारी अध्यादेश (क्रमांक 14, दिनांक 21 नवम्बर 2021) के परिप्रेक्ष्य में प्रभावित ग्रामपंचायतों की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि पूर्व परिसीमन के आधार पर फोटो रहित प्रारूप मतदातासूची का ग्राम पंचायत एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 29 नवम्बर 2021 को किया जाएगा। मतदाताओं को परिसीमन के आधार पर यथा स्थान शिफ्ट करने की कार्यवाही पर दावे-आपत्ति 29 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 दिसम्बर तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का ग्राम पंचायत तथा अन्य विहित स्थलों पर सार्वजनिक प्रकाशन 6 दिसम्बर 2021 को किया जायेगा। यह पुनरीक्षण अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को यथोचित स्थान पर प्रविष्ट करने तक सीमित होगा। इस दौरान नये नाम सम्मिलित करने या विलोपित करने की कार्यवाही नहीं की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन अध्यादेश क्रमांक 14 सन् 2021, राजपत्र प्रकाशन 21 नवम्बर 2021 के द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश, 2021 प्रख्यापित कर मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम में धारा 9 क अंतः स्थापित किया गया है। इस धारा के अनुसार उन सभी पंचायत और उनके वार्डों अथवा जनपद पंचायत या उनके निर्वाचन क्षेत्रों अथवा जिला पंचायत या उसके निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन निरस्त किया गया है, जहाँ ऐसे परिसीमन के एक वर्ष के भीतर निर्वाचन की अधिसूचना राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नहीं की गई है। परिसीमन के निरस्त होने के परिणामस्वरूप अब इन पंचायत और उनके वार्डों अथवा जनपद पंचायत या उनके निर्वाचन क्षेत्रों अथवा जिला पंचायत या उसके निर्वाचन क्षेत्रों का निर्वाचन उस परिसीमन अथवा विभाजन के आधार पर किया जायेगा, जो उनकी संबंधित अवधि की समाप्ति के ठीक पहले विद्यमान थे। इस स्थिति में कतिपय ग्राम पंचायत क्षेत्रों की सीमाओं, आतंरिक वार्डों की स्थिति में परिवर्तन हुआ है।

# बीट समाधान केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनायें : कमिश्नर

**भिण्ड ।** ग्वालियर-चंबल संभाग के कमिश्नर आषीश सक्सेना ने बीट समाधान केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने गुरूवार को अपने सभाकक्ष में आयोजित ग्वालियर-चंबल संभाग के अधिकारियों से कहा कि दो या तीन ग्राम पंचायतों के बीच एक बीट समाधान केन्द्र स्थापित किए हैं। इन समाधान केन्द्रों पर कांस्टेबल, पटवारी, कोटवार उपस्थित रहकर छोटे-छोटे झगड़ों, समस्याओं का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निराकरण कर रहे हैं। अगर मामला कोर्ट में भी लंबित है तो उस मामले को आपसी सुलह समझौता कराकर लंबित प्रकरण का निराकरण कर सकते हैं। कमिश्नर सक्सेना ने ग्वालियर और चंबल संभाग के अधिकारियों से कहा कवे भी अपने मैदानी अमले को इन बीट समाधान केन्द्रों पर पहुंचाकर इन केन्द्रों को और अधिक प्रभावी बनाएँ। इन केन्द्रों पर सुषासन के तहत जन-जन को अपनी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। बीट समाधान केन्द्र योजनाओं के प्रचार का बहुत अच्छा मंच हो सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बीट समाधान केन्द्र की लिंक बनाई गई है। इन लिंक से जुड़कर एसडीएम अपने दृ अपने बीट केन्द्रों से जुड़कर वहां की जटिल समस्याओं का निराकरण स्वयं कर रहे हैं। प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले इन केन्द्रों पर संबंधित जिलों के कलेक्टर भी जुड़कर लोगों की समस्या का समाधान कर रहे हैं। मैं भी इन केन्द्रों से जुड़कर वहां की गतिविधियाँ देख रहा हूँ। कमिश्नर ने कहा कि इन बीट समाधान केन्द्रों पर ही लोगों की समस्या का समाधान हो जायेगा तो लोगों को जनसुनवाई के दिन जिला मुख्यालय पर नहीं आना पड़ेगा। सीएम हैल्पलाइन में भी शिकायतों में गिरावट आयेगी। कमिश्नर ने कहा कि सुषासन के तहत बगैर परेशानी और धन खर्च किए विभागीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल जाए। इससे बड़ा सुशासन नहीं हो सकता है। कमिश्नर ने संभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के संकुल या जन शिक्षक इन समाधान केन्द्रों पर पहुंचकर स्कूल खुलने, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन तथा शिक्षा के स्तर की स्थिति देखें। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग अपनी विभागीय योजनाओं से किसानों को लाभान्वित कराएँ, इससे योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति भी होगी। इसी प्रकार विद्युत कंपनी के अधिकारी समाधान योजना के प्रकरणों का निराकरण बीट समाधान केन्द्रों पर करें। साथ ही ट्रांसफार्मरों की खराबी एवं अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने निर्देष दिए कि वन विभाग के अधिकारी वनाधिकार के पट्टों का वितरण, अटल एक्सप्रेस-वे के मामलों का निराकरण करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्षन देने एवं हैण्डपम्पों की खराबी को दुरूस्त करें। इसी प्रकार अन्य विभागों के मैदानी अधिकारी बीट समाधान केन्द्रों पर पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें।

# विधायक के प्रयासों से ग्राम पंचायत विलाव को मिली 3 करोड 48 लाख की सौगात

### नल जल योजना का हुआ भूमि पूजन, 3 करोड़ 24 लाख की लागत होगा निर्माण



**भिण्ड।** जनपद भिण्ड के ग्राम पंचायत विलाव में विधायक संजीव सिंह के प्रयासों से 3 करोड़ 48 लाख के विकास कार्यों की सौगात मिली है। जिसमें शुक्रवार को सदर विधायक श्री कुशवाह द्वारा ग्राम पंचायत विलाव में 3 करोड़ 24 लाख की लागत से नल जल योजना के कार्य का भूमिपूजन किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत में तालाब निर्माण के लिए 14.24 लाख की लागत से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही लगभग 10 लाख की लागत से हनुमान मंदिर पर कटान दीवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री कुशवाह ने बताया कि जल जीवन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत विलाव वासियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। यह कार्य समय सीमा में कार्य पूर्ण होगा। तीन करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से नल जल योजना प्रारंभ की जाएगी। ग्राम वासियों को जल्द ही शुद्ध पानी मिलेगा। जानकारी के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा विलाव ग्राम पंचायत में नल जल योजना के तहत टंकी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि टंकी में 4 लाख 25 हजार लीटर क्षमता पानी भरा जा सकेगा। इसके साथ ही विलाव पंचायत के सभी मजरा टोला में पाइप लाइन बिछाई जाएगी जिससे पंचायत के सभी घरों को साफ व शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। विलाव में टंकी निर्माण कार्य का भूमि पूजन व शुभारंभ ग्राम वासियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरंपच श्रीमती कोमलश्री, अभिलाख सिंह यादव कक्का, सचिव शेरसिंह, सहायक सचिव पूनम शर्मा, उपयंत्री कमलेश सिंह कुशवाह, वीरेन्द्र सिंह यादव पुन्नू ऊमरी, परशुराम शर्मा, सत्येन्द्र यादव, नरेश तोमर, बंटी शर्मा, मुकेश यादव, राजेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, राधाकृष्ण शर्मा, मुकेश दीक्षित सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे। गौरतलब है कि विलाव पंचायत में लंबे समय से नल जल योजना ठप पड़ी हुई है।

## एमजेएस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान के उद्देशिका का हुआ वाचन



**भिण्ड ।** एम.जे.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आर. ए. शर्मा द्वारा संविधान दिवस के तहत सर्वप्रथम संविधान के उद्देशियका का वाचन किया गया। तत्पश्चात निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक 'भारतीय संविधान' था। उसके उपरांत स्वयंसेवकों ने के द्वारा रैली निकाली गई जिसे प्राचार्य डॉ. अनुप श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरव खंडेलवाल ने जय संविधान के उद्द्घोष के साथ रैली का नियंत्रण किया रैली में स्वयंसेवक संविधान ने दिलाया 'न्याय का अधिकार', 'अभिव्यक्ति का अधिकार', और 'समानता का अधिकार' जैसे नारे जोर शोर से लगाकर चल रहे थे जिसमें अंशुल हरिऔध, नेहा शर्मा एवं शिवम गजरोलिया, अंजली, किरन, आराधना, लक्ष्मी आदि। रैली का समापन महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुआ। ततपश्चात प्राचार्य दुवारा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा शर्मा, द्वितीय स्थान अंजलि तोमर,एवं तृतीय स्थान किरण राजावत ने प्राप्त किया विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## महिलाओं की आबादी

देश में पहली बार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आबादी में इजाफा हुआ है। अब हर 1,000 पुरुषों पर 1,020 महिलाएं हैं। आजादी के बाद ये भी पहली बार है जब पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की आबादी एक हजार से ऊपर पहुंची है। ये आंकड़ा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 में सामने आया है। इससे पहले 2015-16 में हुए सर्वे में ये आंकड़ा हर 1,000 पुरुष पर 991 महिलाओं का था। यही नहीं, जन्म के समय भी सेक्स रेशियो में सुधार हुआ है। 2015-16 में ये प्रति 1000 बच्चों पर 919 बच्चियों का थो, जो 2019-21 में सुधकर प्रति 1000 बच्चों पर 929 बच्चियों का हो गया है। आंकड़ों में यह भी निकलकर सामने आया है कि सेक्स रेशियो में सुधार शहरों की तुलना में गांवों में ज्यादा बेहतर हुआ है। गांवों में हर 1,000 पुरुषों पर 1,037 महिलाएं हैं, जबकि शहरों में 985 महिलाएं हैं। देश के 23 राज्य ऐसे हैं जहां प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की आबादी 1,000 से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में प्रति हजार पुरुषों पर 1017, बिहार में 1090, दिल्ली में 913, मध्य प्रदेश में 970, राजस्थान में 1009, छत्तीसगढ़ में 1015, महाराष्ट्र में 966, पंजाब में 938, हरियाणा में 926, झारखंड में 1050 महिलाएं हैं। 1901 में सेक्स रेशियो प्रति हजार पुरुषों पर 972 महिलाओं का था, लेकिन आजादी के बाद ये संख्या कम होती गई। 1951 में यह आंकड़ा घटकर एक हजार पुरुषों पर 946 महिलाएं थीं। 1971 में यह और कम होकर 930 पर आ गया। 2011 की जनगणना के मुताबिक, ये आंकड़ा थोड़ा सुधरा और प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की आबादी 940 पर पहुंच गई। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आबादी में इजाफा बता रहा है कि अब लोग बेटे और बेटी के फर्क को मिटा रहे हैं। कन्या भ्रूण हत्या बंद तो नहीं हुई, मगर कम जरूर हुई है। सरकार के प्रयास रंग दिखा रहे हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो यह अंतर और कम होगा तथा बहुओं के लिए मां-बाप को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शहरों के साथ गांव में भी बेटियों के प्रति नजरिया बदला है। एक समय बेटी होने पर परिवार में मातम छा जाता था और महिला के साथ अत्याचार सुनने को मिलते थे। कितनी ही नवजातों को जन्म के बाद मार दिया जाता था तो कितनी ही दुनिया में आने से पहले अस्तित्व खो देती थीं। कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम लगाने सरकारी प्रयास तब तक असर नहीं दिखा सकते थे, जब तक समाज की भूमिका अग्रणी न होती। अब समाज ने अपनी जिम्मेदारी समझी तो परिणाम भी सुखद दिखने लगे। अब जरूरी है कि हम महिला सशक्तीकरण की ओर ध्यान दें। विभिन्न क्षेत्रों में हमने महिला प्रगति और विकास का डंका बजाया है। लेकिन समझने वाली बात यह है कि मुट्ठी भर महिलाओं के आगे बढने् से संपूर्ण महिला समाज का उत्थान नहीं होगा। महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार आज भी जारी है। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और प्रतिशत कम है। साक्षरता दर में महिलाएं आज भी पुरुषों से पीछे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार महिलाओं की साक्षरता दर में 12 प्रतिशत की वृद्धि जरूर हुई है लेकिन केरल में जहां महिला साक्षरता दर 92 प्रतिशत है, वहीं बिहार में महिला साक्षरता दर अभी भी 53.3 प्रतिशत है। एक सदी पहली तक हमारा देश अनेक रूढियों से ग्रसित था। बेटी को कोख में मारने, सती प्रथा जैसी कुप्रथा समाज में प्रचलित थी। नारी को पढ़ाना तक पाप समझा जाता था। नारी घूंघट में रहे, ऐसी सोच हावी थी।अंग्रेजों के आने के बाद हालांकि नारी स्वतंत्रता और समानता की बातें कुछ शरू तो हुई थीं। धीरे-धीरे समाज और वातावरण में आए बदलाव ने महिला स्वतंत्रता को समझा और उनके अधिकारों और कर्तव्यों की बातें होने लगी।

# तमिल कम्ब रामायण में किष्किन्धापुरी में मधुरभाषिणी तारा एवं लक्ष्मणजी का संवाद

**नरेन्द्रकुमार मेहता**



कम्बन मेधावी और प्रतिभा के धनी तमिल भाषा एवं साहित्य के ख्याति प्राप्त कवि थे। भाषा पर अधिकार और काव्यकला की दक्षता उनमें कूट-कूट कर भरी थी। महाकवि कम्बन के जीवन के बारे में कई दन्त कथाएँ हैं। वे कब, कहाँ पैदा हुए? उनके माता-पिता कौन थे? वे किस वंश एवं जाति के थे? उनकी मृत्यु कब, कहाँ हुई इत्यादि। ये सब बातें आज भी कल्पना और अनुमान का विषय बन गई। अधिकांश तमिल साहित्यकारों के मतानुसार वे मायवरम के पास तिरुवलुनदूर नामक गाँव में उवच्चन (पुजारी) जाति के किसी व्यक्ति के घर में जन्मे थे या पालन-पोषण होकर पले थे। उनके बारे में एक दन्तकथा यह भी है कि किसी ब्राह्मणी द्वारा जन्म देने के बाद व्यक्त होकर किसी उच्चवन (पुजारी) के हाथ लगे। अत~ उनकी जाति के सम्बन्ध में वे ब्राह्मण, पुजारी और राजा भी कहे जाते हैं। कम्बन तिरुवणेणेय नललूर के महादानवीर जमींदार शडैयपप्न के यहाँ रहे और उनकी प्रेरणा से इन्होंने कम्ब रामायण की रचना की है, इनकी इस रामायण में शडैयपप्न के प्रति, अपनी कृतज्ञता व्यक्त की तथा इनकी प्रशंसा 10-12 स्थलों में नाम सहित अंकित है। इस रामायण की रचना 9वीं शती में मानी गई है। इनकी रामायण में महर्षि वाल्मीकिकृत रामायण के प्रथम छ~ काण्डों की कथावस्तु स्वतन्त्र रूप से वर्णित है एवं यत्र-तत्र नए वृत्तान्त (कथावस्तु) भी देखने को प्राप्त होता है। कम्बन ने अपनी रामायण का नाम, %इरामावतारम्' ही रक्खा है किन्तु यह अब कम्ब रामायण के नाम से ही विख्यात है। इनकी रामायण पर महर्षि वाल्मीकि रामायण और अध्यात्मरामायण का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इनकी रामायण में तमिल प्रदेश और उसकी संस्कृति के यथार्थ दर्शन देखने को मिलते हैं। इनकी समाधि नाट्टरशन कोट्टै नामक गाँव में है।

कम्बन ने महर्षि वाल्मीकिजी की रामायण के कथा-प्रबन्ध और पात्रों के चरित्र से सम्बन्धित कथाप्रसंगों को अपनाया है। तथापि यत्र-तत्र देश-काल और सभ्यता-संस्कृति के अनुकूल आवश्यक परिवर्तन किए हैं। उनकी इस अपूर्व कविता शैली की सुन्दरता देखकर पाठक मुदित हो जाते हैं। ऐसा ही एक अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग इस रामायण में है। बालि की मोक्ष प्राप्ति के बाद तारा को सुग्रीव की पत्नी न बनाकर कम्बन ने उसको विधवा ही रहने दिया है। यह बहुत ही श्लाघनीय और मन को प्रसन्न करने वाला अद्भुत दुर्लभ अल्पज्ञात प्रसंग की श्रेणी में है। वर्षाकाल समाप्त होने पर श्रीराम अपने लघुभ्राता लक्ष्मण से बोले। हमने जो अवधि निर्धारित की थी वह बीत गई। सुग्रीव ने कृतज्ञता, वचनपालन आदि धर्म भी भुला दिया है। हमारी वीरता भी भूलकर जो वह राज-जीवन में मोहित हो रहा है। अत~

**नन्रि कौनररू निटपिनैनाररूत।**
**तौन्रु मेय्मै शिदैत्तुरै पौय्तलुतात।**
**कौनरु नीक्कुदल्**
**कुररततुनीडगुमाल् शैन्रूमरखन्**
**शिनदैयेत तेरहुवायु**
**(तमिल कम्ब रामायण किष्किन्धाकाण्ड पटल 10-555)**

जो आदमी कृतघ्न बन जाता है, उत्तम मित्रता का सम्बन्ध भंग करता है और सबके लिए पालन योग्य सत्य का भी पालन नहीं करता है तथा वह वचनभंग करता है, उसको मार कर मिटा देना अपराध नहीं होगा। इसलिए तुम जाकर उसका अभिप्राय क्या है जान कर बताना।

हमारे पास अभी शर है यह सब स्मरण कराके हमारी आज्ञा सुनाओ। उनसे लक्ष्मण कहना कि तुम और तुम्हारा शासक दल यह चाहता है कि किष्किन्धा नगरवास और राज्य शासन टिका रहे तो निर्णित समय में सीता के अन्वेषणार्थ आ जाओ। यदि हमारे पास नहीं आओगे तो वानरों का नाम निशान नहीं रहेगा और सब वानर मिट जाएंगे। लक्ष्मण तुम सुग्रीव को नीति का उपदेश देना। यदि वह मेरा सन्देश तथा तुम्हारा उपदेश न माने तो क्रोध मत करना। उसका कथन आकर कहना यही तुम्हारा कर्तव्य है। लक्ष्मणजी ने श्रीराम की आज्ञा को शिरोधार्य करके उनके चरणों पर प्रणाम कर अक्षय तूणीर अपने कन्धे पर रखकर तथा धनुष लेकर श्रीराम का नाम स्मरण कर चल पड़े।

सूर्य उदयगिरि से अस्तगिरि पर जिस रीति से जाता है, उसी रीति से स्वर्णाज्ज्वल शरीरी लक्ष्मण बड़े आाकार के और उन्नत उज्ज्वल एक पर्वत माल्यवान से दूसरे पर्वत की तरफ किष्किन्धा की तरफ सवेग गए। अपने साथी और भ्राता श्रीराम के अनुपम शर के समान बहुत तीव्र गति से चलकर गगनोन्नत किष्किन्धा जा पहुँचे। वानरों ने लक्ष्मण को आता देखकर अंगद के पास गए। वानरों ने अंगद से कहा कि लक्ष्मणजी प्रचण्ड क्रोध वेग से इधर आ रहे हैं। यह सुनकर अंगद सुग्रीव के महल में गया। वानर नल के द्वारा निर्मित राजा योग्य महल के अन्दर पल्लव-पुष्प शय्या पर सुग्रीव सो रहा था। प्रलम्ब केश से युक्त वानर स्त्रियाँ उसके पैरों को सहला रही थी। विपुल धन का मद और सुरापान का मद इन दोनों के उसके मन पर हावी हो जाने के कारण सुग्रीव अपनी सुध-बुध नहीं रखता था। अंगद क्या कह रहा है, इसका भी उसको कुछ बोध नहीं हुआ। इसलिए कोमल शय्या पर निद्रामग्न रह गया। अंगद सुग्रीव की यह दशा देखकर हनुमानजी के पास गए। इसके बाद अंगद अपनी माता के महल में गया। अंगद ने माता से पूछा अब क्या करना है? यह सुनते ही तारा ने उसे डाँट दिया। तारा ने कहा कि तुम कृतघ्न हो। अब क्या श्रीराम से बच सकोगे। तारा ने कहा कि मैंने तुमको बहुत समझाया था कि विजयी श्रीराम ने सेना-संग्रह की अवधि निर्धारित की है। यदि यह अवधि बीत जाएगी तो तुम्हारे जीवन की अवधि भी समाप्त हो जाएगी। आप सबने कभी भी ध्यानपूर्वक नहीं सुना। अब उसका फल भोगोगे।

**तिरम् बिनिरमेय शिदत्तीरुदविये**
**निरमुबौलीइरुङ्गडीविनै नेरन् ददाल।**
**मरञजेय् वानुरिन् मालुदि मररिनि**
**पुरञ्जेय् दावदे नैन्गिनर पोदिनवाय।**
**तमिल कम्ब रामायण**
**किष्किन्धाकाण्ड पटल 10-584**

तारा ने कहा कि तुम लोगों ने सत्य छोड़ दिया। तुम कृतघ्न हो गए हो। इस दुर्गुण के कारण तुम्हारी छबि ही मिट गई है। बुरे कर्म का फल यह ही है। अपनी वीरता के बल पर युद्ध करने जाओगे तो मारे जाओगे। अब अपने वचन से बचने से क्या होगा? इधर लक्ष्मण के चरण प्रहार से नगर द्वार दस योजन तक टूट कर बिखर गए। इसको देखकर वानरों का मन विदीर्ण हो गया। वे अपने प्यारे और बचे हुए प्राणों को लेकर सभी दिशाओं में अलग-अलग भाग गए। कुछ वानर भय से किष्किन्धा पर्वत छोड़कर निकट के जंगलों में झुण्ड बनाकर पलायन कर गए।

लक्ष्मणजी नगर में प्रवेश कर गए। अंगद आदि यह देख एवं सुनकर तारा के पास भयभीत होकर पूछने लगे कि लक्ष्मणजी आ गए हैं अब क्या करें? तारा ने अंगद आदि से कहा कि तुम सब यहाँ से हट जाओ। मैं लक्ष्मण से मिलूँगी और जान लूँगी कि वीर उनका आने का अभिप्राय क्या है? तारा के ऐसा कहने पर सभी वानर हटकर खड़े हो गए। तारा पीछे नहीं गई लेकिन पुष्पालंकृत केश वाली अपनी सखियों के साथ आगे बढ़ी। लक्ष्मण राजमार्ग से सुग्रीव के विशाल महल में पहुँचे। तभी बीच में आकर तारा ने उनका मार्ग रोक लिया। वीर राजकुमार ने अपना शीश झुका लिया। लक्ष्मण भूमि पर अपने लम्बे धनुष को टेककर ऐसे खड़े रहे मानो कोई जवान पुरुष साँसों के मध्य फँस गया हो। तारा ने लक्ष्मणजी से कहा- हे वीरकुमार आप पैदल चलकर इतनी दूर आए हैं। यह आपका आगमन, अनन्तकाल तक कठोर तपस्या करो तभी सम्भव होता है। ऐसा भाग्य तो इन्द्र का भी नहीं है। आपके अपने पैरों से चलकर हमारे घर में आगमन से हम उत्कृष्ट जीवन को प्राप्त हो गए। हमारे बुरे कर्मों का नाश हो गया। हमारा उद्धार हो गया। इससे बढ़कर हमारा हितकारी कार्य क्या हो सकता है? तारा की यह वाणी मधुर संगीत सी थी। आपके एकाएक आने से वानर सेना में भय व्याप्त हो गया है। आप तो दया सागर श्रीराम के चरणों से कभी अलग होने वाले नहीं है।

## रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, %अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे। अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले %आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, %मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

# राष्ट्रीय दिव्यता का द्योतक है दूध

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

दूध पेय पदार्थों में श्रेष्ठ है। दूध, आहार की दिव्य अवस्था का दूसरा नाम है। दूध मानव जीवन के खान पान का विशिष्ट अंग है। दूध के बिना स्वास्थ्य अधूरा है। दूध संपूर्ण आहार है। दूध एक अपारदर्शी सफेद द्रव है,जो मादाओं के दुग्ध ग्रन्थियों द्वारा बनाया जता है। नवजात शिशु तब तक दूध पर निर्भर रहता है जब तक वह अन्य पदार्थों का सेवन करने में अक्षम होता है। दूध में मौजूद संघटक है पानी, ठोस पदार्थ-वसा, लैक्टोज, प्रोटीन, खनिज वसा विहिन ठोस। अगर हम दूध में मौजूद पानी की बात करें तो सबसे ज्यादा पानी गधी के दूध में 91.5 ा होता है। पानी की मात्रा घोड़ी में 90.1 ा, मनुष्य में 87.4 ा, गाय में 87.2 ा, ऊंटनी में 86.5 ा और बकरी में 86.9 ा होता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। गाय का दूध पतला होता है। जो शरीर मे आसानी से पच जाता है। दूध के सफेद रंग के लिए प्रोटीन और वसा की मात्रा जिम्मेदार होती है। एक गाय प्रतिदिन लगभग 6.3 गैलन दूध का उत्पादन करती है। दुनिया का सबसे दुर्लभ पनीर बनाने के लिए लोग गधी के दूध का इस्तेमाल करने लगे हैं। एक सर्बियाई चीज़मॉन्गर (चीज़ बेचने वाला) ने इस तरह का पनीर बनाया है, जो 500 डॉलर प्रति पाउंड में बिक रहा है। दूध में वे सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो जीवन के लिए आवश्यक है। मनुष्य पूरी तरह से दूध पर जीवित रह सकता है। स्तनपान कराने वाली गाय प्रतिदिन 420 पाउंड पानी का सेवन करती है,जो गर्म महीनों में दोगुना हो सकता है। दूध हमारे जीवन का लगभग एक अनिवार्य हिस्सा है। छोटे बच्चों के आहार से दूध की कमी असंख्य स्वास्थ्य विकारों का कारण बन सकती है। दूध के जीवनदायिनी गुण वास्तव में शानदार हैं। दूध शाकाहारियों के लिए प्राथमिक प्रोटीन स्रोत है। दूध विटामिन डी का एक दुर्लभ खाद्य स्रोत भी है। आयुर्वेद के



अनुसार गाय के ताजा दूध को ही उत्तम माना जाता है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई हैं, जो शरीर को स्वस्थ मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई हैं, जो शरीर को स्वस्थ मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। अथर्ववेद में लिखा है कि दूध एक सम्पूर्ण भोज्य पदार्थ है। इसमें मनुष्य शरीर के लिए आवश्यक वे सभी तत्व हैं जिनकी हमारे शरीर को आवश्यकता होती है। ऋग्वेद के प्रथम मंडल के 71 वें सूक्त के छटवें मन्त्र में कहा है ~ गोषु प्रियम् अमृतं रक्षमाणा (ऋग्वेद 1/71/6) इसका अर्थ है गोदुग्ध अमृत है यह बीमारियों (रोगों) से हमारी रक्षा करता है। चरक शास्त्र संसार के प्राचीनतम चिकित्सा शास्त्रों में गिना जाता है। चरक सूत्र स्थान 27/224 (1 .सूत्रस्थानम् , 27. अन्नपानविध्यध्याय (सेक्शन/ अनुभाग/ मंडल -1 , चैप्टर/ अध्याय/ सूक्त 27, ऋचाएं / वर्स 217-224) में दूध के गुणों का वर्णन इस प्रकार किया गया है - स्वादु शीतं मृदु स्निग्धं बहलं श्लक्ष्णपिच्छिलम्। गुरु मन्दं प्रसन्नं च गव्यं दशगुणं पयः 77 217 77 चरक 27/217 , अर्थात गाय का दूध मीठा, ठंडा, शीतल, नर्म, चिपचिपा, चिकना, पतला, भारी, सुस्त और स्पष्ट - इन दस गुणों से युक्त है। इस प्रकार यह समानता के कारण समान गुणों वाले ओजस को बढ़ाता है। इसलिए गाय के दूध को शक्तिवर्धक और रसना के रूप में सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। गाय की तुलना में भैंस का दूध भारी और ठंडा होता है। अतएव गाय के दूध को पचाना आसान होता है। बाइबिल में भी दूध की महिमा का वर्णन है - यशायाह - अध्याय 66 पैरा 11 में इस प्रकार वर्णन मिलता है-÷जिस से तुम उसके शान्तिरूपी स्तन से दूध पी पीकर तृप्त हो; और दूध पीकर उसकी महिमा की बहुतायत से अत्यन्त सुखी हो॥÷तू ने अपने बैरियों के कारण बच्चों और दूध पिउवों के द्वारा सामर्थ की नेव डाली है, ताकि तू शत्रु और पलटा लेने वालों को रोक रखे(भजन संहिता 8~2)। कुरान शरीफ 16-66 में लिखा हैं कि बिलासक तुम्हारे लिए चौपायों में भी सीख हैं।

# समतामूलक समाज के लक्ष्य अभी दूर

### सूडोकु नवताल- 5904

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5903 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

बात केवल लोगों को चौंकाने अथवा अपने रुझान के राजनीतिक नेतृत्व को लुभाने के लिये दिये गये उस बयान की नहीं, जिसने आजकल वितण्डावाद खड़ा कर रखा है। स्वाभाविक है कि अगर कोई देश के राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत होते ही यह बयान दाग दे कि इस देश को सन् सैंतालिस में मिली आजादी देशवासियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम नहीं, बल्कि महात्मा गांधी को दी गयी भीख थी और भारत को असल आजादी तो सन् 2014 में मिली, (स्पष्ट है कि तब वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली थी) तो चाटुकारिता से लिप्त पद्मप्राप्त कंगना रनौत के इस बयान से उसका पूर्वाग्रही अधूरा ज्ञान तो झलकता ही है। देशवासियों की बहुसंख्या को यह बयान हजम नहीं हुआ। कंगना के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दायर होने से लेकर बयान वापस लेने की मांग भी हो रही है। लेकिन इसको स्पष्ट करने के लिए इसके बाद विवादित व्यक्तित्व ने जो बात रखी, वह भी असंतोषजनक थी कि सन् 1857 के स्वाधीनता संग्राम को तो हम मानते हैं और अमर बलिदानियों को भी। सरदार भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस का बलिदान भी कम नहीं था, लेकिन गांधी जी ने उन्हें भी यथोचित सम्मान नहीं दिया। ऐसा बयान भी तथ्यों की अधूरी जानकारी है। सरदार भगत सिंह की फांसी या बलिदान ने जनमानस ही नहीं, गांधी और नेहरू को भी हिला दिया था, इतिहास साक्षी है। नेताजी ने जब रंगून से आजाद हिन्द रेडियो का प्रसारण शुरू किया था तो उसके पहले प्रसारण में नेताजी ने गांधीजी को बापू कहकर संबोधित किया और प्रणाम किया था। इसके साथ ही पूरा देश उन्हें बापू गांधी और महात्मा गांधी दोनों ही नामों से परिचित हुआ था। लेकिन मात्र एक विवाद ही, अधूरे ज्ञान के बल पर अपने आपको महाज्ञानी, महाजानकार या नये परिवर्तन का अग्रदूत बनाने की चेष्टा नहीं है। आज आपको अकादमिक, सामाजिक या राजनीतिक क्षेत्र में ऐसे बहुत से विलक्षण लोग दिखायी देते हैं। पद्मप्राप्त इस अभिनेत्री को तो देश के संतुलित और सुधी जनों ने आड़े हाथों ले ही लिया है, लेकिन ऐसे बहुत से अधकचरे बयानों की सुध भी लेनी चाहिए, जो उपलब्धि हो जाने की चेष्टा में हथेली पर सरसों जमाने का असफल प्रयास साबित होते हैं।

नेताओं को धांसू बयान बहुत सुहाते हैं। नया समाज रचने की घोषणा हर सत्तासीन नेता करता है। कभी 'अच्छे दिन' लाने और हर खाते में पंद्रह लाख देने की घोषणा भी इसी मिजाज का नतीजा थी। मोदी की पिछली पारी में जब नोटबंदी की घोषणा हुई तो वादा किया गया था कि यह देश से भ्रष्टाचार का उन्मूलन कर देगी और काले धन का सफाया। लेकिन बाद में उजागर हुआ कि यह हर पक्ष का ध्यान रखे बिना और आगा-पीछा विचारे कर दी गयी। नतीजा, जनता खातों की सहायता से धनपतियों ने न जाने कितना काला धन सफेद कर लिया। नये अनुमान बता रहे हैं कि बैंकिंग क्रांति और क्रिप्टो करंसी की घोषणाओं के बावजूद आभासी मुद्रा के स्थान पर नकद मुद्रा का परिचलन और बढ़ गया है। विश्व का नया भ्रष्टाचार सूचकांक आया तो पता चला कि देश भ्रष्टाचार उन्मूलन में?उसी प्रकार असफल रहा और भ्रष्टाचारी देशों की पायदान में हम वहीं के वहीं खड़े हैं। अभी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का एक शोध सामने आया है कि भारत में भ्रष्ट व्यवस्था का यह आलम है कि यहां हर काम संपर्क से होता है या रिश्वत से। एक ऐसा देश जो अपने सदाचार और नैतिक आदर्शों की वकालत करते थकता न हो, वहां आजादी का अमृत महोत्सव अपना पचहत्तरवां वर्ष मना रहा है, लेकिन नैतिक मूल्यों का यह ह्रास केवल एक ही बात बता रहा है कि प्रयास की कमी रही, क्योंकि न जानकारी पूरी थी, न लक्ष्य के प्रति सक्रिय प्रतिबद्धता। अधूरे ज्ञान और उनसे प्राप्त कर लेने की जल्दबाजी हमें योजनाबद्ध आर्थिक विकास के मूल लक्ष्य को प्राप्त करने में भी दिखायी देती है। भारत की आजादी के इस अमृत महोत्सव में हम दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र में 'जन गण मन' का गायन अवश्य करें।

लेकिन यह भी स्मरण रखें कि हमने अपने देश में लोकतंत्र की स्थापना करते हुए यहां प्रजातान्त्रिक समाजवाद पैदा करने की घोषणा की थी और इसका रास्ता हमें योजनाबद्ध आर्थिक विकास की राह, योजना आयोग के निर्देश में पंचवर्षीय योजनाओं की सहायता से अपनाना था। लेकिन पचहत्तर वर्ष की आजादी और कोरोना की दो लहरों के विकट काल को झेलने के बाद जब हम अपनी सफलताओं-असफलताओं का आकलन करते हैं तो पाते हैं कि यहां प्रजातान्त्रिक व्यवस्था की दोष रहित स्थापना नहीं हो सकी, उसमें तो वंशवाद के कीड़े कुलबुलाने लगे। जहां तक समाजवादी व्यवस्था की स्थापना का प्रश्न है।

## आखिर क्यों ?

**भरत मिश्र प्राची**

श्रीकांत जब घर से बाहर निकलते तो सड़क पर नन्हीं कन्याओं को हाथ फैलाकर याचना करते एवं फटकार सुनते हर रोज देखते और फिर उनके सामने यह दृश्य भी उभर आता जब इन्हीं कन्याओं को नवरात्र के अंतिम क्षण में घर बुलाकर आदर सहित पूजन किया जाता, भरपूर स्वादिष्ट खाना खिलाकर द्रव्य दक्षिणा देकर पांव छूकर विदा किया जाता आज उन्हीं कन्याओं को फटकारा जा रहा है, आखिर क्यों ? इस तरह के अनेक प्रश्न भरे दृष्य श्रीकांत को हर रोज देखने सुनने को मिलते पर इसका समाधान आज तक नहीं हो सका। श्रीकांत आज तक समझ नहीं पाया कि जो बेटा जिस मां का स्तन पान कर जीवन पाया हो, आंचल पकड़ कर चलना सीखा हो वह एक दिन उसी मां को घर से बाहर निकाल देगा । उसे अपने से दूर कर वृद्धाश्रम के सहारे छोड़ देगा। बहू जिसका दर्जा बेटी से कम नहीं होता वह अपनी सास मां को दाने - दाने के लिये भी तरसा सकती । आखिर क्यों ?

लोगों से आज तक श्रीकांत यहीं सुनता आया कि बेटा - बेटी में कोई अन्तर नही पर जब बेटी जन्म लेती तो कई के चेहरे उतरते भी उसने देखे फिर बेटा होने के प्रयास में लगातार कई बेटी को जन्म लेते भी देखा। उसने ये भी देखा कि बड़ी मिन्नत एवं मन्नौति के बाद आया बेटा अपने मां बाप के किसी काम का नहीं रहा। ऐसे समय में बेटी हीं सहारा बनी। फिर बेटे पाने की मन में लालसा बार - बार जगती, आखिर क्यों ? श्रीकांत ने बडै शान -शौकत एवं लाखों खर्च कर उत्साह उमंग के साथ घर लाई गई बेटी सामान बहू को प्रताड़ित करते, बंद कमरे भी घुटते, दाने - दाने के लिये तरसते ,जलते भी देखा। घर आई बहू द्वारा सास ससूर को प्रताड़ित होते हुये भी देखा आखिर क्यो ? श्रीकांत ने ऐसे बहुरूपिये के भी दर्शन किये जो सार्वजनिक तौर पर गीता हाथ में लेकर झूठ नहीं बोलने की कसम लेने के बाद भी धराधड़ बिना रोक टोक के झूठ पर झूठ बोले जा रहे। संसद विधान सभा में गोपीनियता बरकरार रखने के शपथ लेने के बाद भी पोल खोल देते। अपराध करने वाले को अपनी वाकपटुता से काले कोट पहनने वाले निरापराध साबित करते रहे। तर्क में जो जीता वहीं सिकंदर। वहीं न्याय । गलत सही का आकड़ा तर्क पर आधारित फैसला आखिर क्यों ? श्रीकांत ने अपने जीवन में ऐसे लोगों को चुनाव पूर्व दाने - दाने को तरसते एवं चुनाव जीत जाने के बाद कोठी महल में रहते भी देखा, जन सेवा के नाम आने वाले जनप्रतिनिधि के पास अचानक दौलत आ जाती, वह हर तरह से बदल जाता जो आम जन को भी पहचानने से भी इंकार कर देता। आखिर क्यों ?

# सिचाई विभाग की जमीन पर सरपंच ने रोड एवं पुलिया का कराया अवैध निर्माण

### जल संसाधन विभाग ने पुलिस को लिखा पत्र जल्द होगा, मामला दर्ज



**कैलारस।** कैलारस 5 एल नहर के किनारे 40 बडी मुड्डियों को नायब तहसीलदार ने एक वर्ष पूर्व गडवाया था, जिसे वर्तमान में सरपंच एवं भूमाफियों ने दबंगई के चलते सभी को उखाड फेंका। फिलहाल कैलारस जल संसाधन विभाग की करोडो रुपये की जमीन पर भू माफिया का कब्जा है। जिसे एक वर्ष पूर्व कैलारस तहसील के नायब तहसीलदार राहुल गोड ने 12 बीघा नहर खुमानपुरा से लेकर पहाडगढ रोड तक सर्वे नम्बर 425/1, 425/2, 427/1, 427/2, 427/3, 429/1 आदि जमीन पर मुड्डिया गडवाई थी और रोड एवं पुलिया को जेसीबी मशीन से तुडवाया था। वर्तमान में सरपंच ने दबंगई के चलते सभी मुड्डियों को तोड डाला है व मोके पर शासकीय भूमि को फिर से पुलिया एवं सडक डाल कर प्लाट बेचने का कार्य कर रहा है। उक्त मामले में सिचाई विभाग के आला अधिकारी से लेकर छोटे कर्मचारी लगातार शिकायत कर रहे हैं। इस क्रम विभाग द्वारा मुरैना कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण यंत्री भोपाल तक भी शिकायत की जा चुकी है, फिर भी प्रशासन एवं तहसीलदार कार्यवाही नहीं कर रहे, जबकि राजस्व विभाग ने इसा सथान पर पूर्व में 40 पत्थरों की मुड्डिया गडवाई थी। डक्त स्थान पर दबंग भू माफियाओं ने आज मौके पर नक्सा ही बदल दिया है। विदित हो कि कैलारस सिचाई विभाग 5 एल नहर की जमीन वर्तमान में 50 करोड रुपये कीमत की है। इसी कारण भू माफिया एवं सरपंच जबरन कब्जा जमाकर प्लाट बेचने की फिराक में है।

उल्लेखनीय है कि कैलारस 5 एल नहर के किनारे से शसकीय जमीन 12 से 20 बीघा होगी खुमानपुर रोड से लेकर रिठौनियां तक जो कि वर्तमान में वेशकीमती है व जिसकी कीमत लगभग 50 करोड रुपये है। जिस पर भू माफियाओ की पैनी नजर है और कुछ जमीन को सरपंच एव भूमाफिया बेचने की फिराक में हैं, जिसकी शिकायत रामलखन धाकड सिचाई अध्यक्ष, प्रताप सिंह परमार सदस्य, कप्तान धाकड, अजय जादौन, रिंकू जादौन आदि पूर्व में कर चुके है। विदित हो कि ग्राम पंचायत कैलारस ग्रामीण सरपंच रामलखन धाकड ने बिना परमीशन बिना अनुमति के पुलिया एवं रोड का निर्माण कार्य किया है, इसके अलावा मनरेगा से भुगतान कराने के उद्देश्य से उपयंत्री के यहां फाइल लगाई। जबकि पूर्ण रूप से सच्चाई यह है कि शासकीय जमीन सिचाई विभाग कैलारस की है। सरपंच भू-माफियाओं से साठगांठ कर उक्त जमीन पर अवैध कॉलोनी बनाकर प्लाट बेचने के फिराक में है जिससे प्रशासन को बडा नुकासन होगा। प्रशासन को चाहिए कि इस प्रकार के निर्माण कार्य जो सरपंच द्वारा अवैध रूप से कराए गये है, उन सभी को तोडा जाकर संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जावे, जिससे इस प्रकार के कार्य की कोई भी भविष्य में पुनरावृति न कर सके।

#### इनका कहना है.......

कैलारस जल संसाधन विभाग की जमीन पडी है, जिस पर सरपंच रामलखन धाकड ने पुलिया एवं सडक का अवैध निर्माण कार्य किया है जो गलत है और हमारी 40 पत्थर की मुड्डियों को हटाया है। जिसकी शिकायत हमने मुरैना कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक से की है और कैलारस थाने में इसके खिलाफ मामला भी दर्ज करवा के रहूंगा।

**शिवराज सिंह** सिकरवार एसडीओ, जल संसाधन विभाग, कैलारस

#### इनका कहना है.......

नहर के किनारे पहले हमने मुड्डियां गडवाई थी जिसको अब हटवा दिया है, जिसकी शिकायत मेरे पास आई है। भू-माफिया और सरपंच के खिलाफ पुलिस द्वारा मामाला दर्ज किया जाएगा और जो व्यक्ति इस शसकीय जमीन को खरीदेगा उन सभी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**भरत कुमार,** तहसीलदार, कैलारस



## संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

**कैलारस।** किसान आंदोलन को एक वर्ष पूरा होने के मौके पर, 26 नवंबर को संविधान दिवस पर, संयुक्त किसान मोर्चा/ अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय पर किसानों द्वारा धरना देकर प्रदर्शन किया गया और मंडी सचिव को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में तीनों कानूनों की वापसी के साथ एमएसपी पर खरीदी का अनिवार्य कानून बनाने, बिजली बिल वापस लेने, आवारा पशुओं का प्रबंधन करने, बाजरा की खरीदी शुरू करने, टेनी मिश्रा गृह राज्य मंत्री को गिरफ्तार और बर्खास्त करने सहित कई मांगे उठाई गई। इस मौके पर किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास, उदयराज सिह धाकड (पूर्व संचालक शक्कर कारखाना कैलारस ), कन्हैया लाल, भौरूलाल धाकड, जगन्नाथ सिंह धाकड पूर्व जनपद सदस्य, यशवंत सिंह यादव, शिवनारायण यादव, प्रेम नाथ शाक्य, राजेन्द्र शिवहरे, सुरेश चंद्र धाकड पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, बनवारी लाल धाकड निरारा आदि मौजूद रहे।

## उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस मैं भीषण अग्निकांड, यात्रियों को निकाला सुरक्षित

### 8 दमकल गाड़ी आग बुझाने में लगी, रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर कर रहे जांच



**मुरैना।** उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन की 4 बोगियों में सराय छोला थाना अंतर्गत आग लग गई, जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। आग बुझाने में मुरैना की 5 एवं धौलपुर बाड़ी की 3 दमकल गाड़ी लगी रही, तब कहीं जाकर आग पर देर शाम को काबू पाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्री रेल गाड़ी संख्या 20848 अप उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस यूपी शुक्रवार की दोपहर 3:15 बजे के लगभग मुरैना की ओर आ रही थी, तभी सराय छोला थाना अंतर्गत हेतमपुर स्टेशन के समीप वातानुकूलित वोगी से बदबू आने लगी एवं धुंआ दिखाई देने लगा, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इसकी सूचना रेल मैं उपस्थित कर्मचारियों को लगी तो वह अलर्ट हो गए और उन्होंने आग बुझाने के उपकरण हाथों में लिए तथा जहां से चिंगारी भड़क रही थी, वहां पहुंचे तथा आग बुझाने में जुट गए। ट्रेन को हेतमपुर मंदिर के पास ही रोक लिया गया और यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया तथा जिन बोगियों में आग का अंदेशा लग रहा था, उन्हें तुरंत हटा दिया गया। घटना की सूचना तुरंत वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों को दी गई तथा फायर विकेट मुरैना को भी सूचना मिली। सूचना पाकर मुरैना मुख्यालय से तीन, बानमोर से एक, जौरा से एक एवं बाड़ी धौलपुर से तीन दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने के कार्य में जुट गई। उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस की वातानुकूलित बोगी ए-1 व ए-2 के अलावा दो अन्य बोगियों में भी आग पहुंच गई तथा दो बोगियों से आग की लपटें निकलने लगी। हादसा देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने में जुट गए। आगजनी की घटना के कारण काफी देर तक अप एवं डाउन ट्रैक पर रेल यातायात प्रभावित रहा। सूचना पाकर वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## तीर्थंकर बालक के जन्म पर निकला भव्य जुलूस, बैंड बाजों की धुन पर जमकर नाचे श्रद्धालु



**मुरैना।** जैन समाज द्वारा जीवाजी गंज अग्रसेन पार्क में आयोजित श्री 1008 मज्जिनेन्द्र ऋषभदेव जिनविम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत शुक्रवार को अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें जैन धर्मावलंबियों की भारी भीड़ देखने को मिली, खासकर महिलाओं की उपस्थिति अधिक रही। जैन मुनियों के सानिध्य में मंच पर अनेक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए और दोपहर को भव्य जन्माभिषेक जुलूस निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा। अग्रसेन पार्क में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के तहत शुक्रवार को नित्याभिषेक, शांतिधारा के अलावा जन्मकल्याणक पूजन प्रातः 7.45 बजे आयोजित हुआ और उसके पश्चात तीर्थंकर बालक का जन्म, सौधर्म इंद्र का आसन कंम्पायन, अयोध्या आगमन, शची इंद्राणी द्वारा तीर्थंकर बालक के प्रथम दर्शन, तीर्थंकर बालक के जन्म पर बधाईयां आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रातः 9 बजे आचार्य श्री के प्रवचन का लाभ श्रद्धालुओं ने उठाया। इसके पश्चात दोपहर को बैंड बाजों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें कई झांकियां सजाई गई।

## मावई कांग्रेस छोड़ बसपा में शामिल



**मुरैना।** पूर्व विधायक मुरैना स्व. सोवरन सिंह मावई के पुत्र प्रबलप्रताप सिंह (रिंकू) मावई (प्रदेश महासचिव काँग्रेस) ने कांग्रेस पार्टी को छोडकर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता भोपाल में बसपा कार्यालय में ग्रहण की और बसपा में अपनी आस्था जाहिर की। श्री मावई ने शुक्रवार को बसपा के भोपाल कार्यालय मैं इंजी रामजी गौतम साहब राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर व सांसद राज्यसभा व एड अतरसिंह राव प्रदेश प्रभारी बसपा व इंजी रमाकान्त पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा मप्र के समक्ष सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर श्री मावई ने कहा कि वह 25 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभा रहे थे, लेकिन हर बार पार्टी के लीडर उन्हें उपेक्षित करते रहे, जिसके चलते पार्टी छोड़ने की नौबत आई। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती के प्रति अपनी आस्था जाहिर की और कहा कि वह पार्टी के नेतृत्व की ओर से मिले दिशा निर्देशों के तहत पार्टी हित में कार्य करेंगे और

## अभिभावकों में बढ रही बच्चों के सुवर्ण प्राशन के प्रति रुचि

### हर बार हो रहा है दवा पीने वाले बच्चों की संख्या में इजाफा



**मुरैना।** बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बढाने के लिए अभिभावकों में आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ रहा है। इसका अंदाजा आरएसएस के गौसेवा विभाग द्वारा किए जा रहे सुवर्ण प्राशन संस्कार में बच्चों की बढती संख्या से लगाया जा सकता है। इस बार भी पुष्य नक्षत्र में बच्चों का सुवर्ण प्राशन कराने के लिए पहले की अपेक्षा अधिक लोग पहुंचे। आरएसएस के गौसेवा विभाग ने अक्टूबर माह से सुवर्ण प्राशन संस्कार की शुरूआत यहां की है। इसके अंतर्गत जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को विशेष दवाई पिलाई जाती है ताकि उनका इम्यून सिस्टम मजबूत बन सके। अक्टूबर माह में जब सुवर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया तो तकरीबन एक सैकडा लोग अपने बच्चों को दवा पिलाने के लिए पहुंचे। इसके बाद नवम्बर माह में पुष्य नक्षत्र के दौरान दवा पीने वाले बच्चों की संख्या दो गुना तक पहुंच गई। अब 25 नवम्बर को पुष्य नक्षत्र में एक बार फिर सुवर्ण प्राशन संस्कार किया गया तो तकरीबन ढाई सैकडा बच्चों ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने वाली दवाई पी। कार्यक्रम में मौजूद मातृशक्ति की जिला संयोजक भावना जैन, गौसेवा विभाग की हेमलता राणा व रजनी जैन ने बताया कि हर बार बच्चों की संख्या में बढोत्तरी हो रही है।

#### बाल सुधार गृह में भी पिलाई दवाई

इस बार शहर के बाल सुधार गृह में भी बच्चों को सुवर्ण प्राशन के तहत दवाई पिलाई गई। वहां रहने वाले 16 वर्ष से कम आयु के 10 बच्चों को यह दवाई निःशुल्क पिलाई गई। इस अवसर पर आरएसएस के मानवेन्द्र सिंह राणा, हेमलता राणा, भावना जैन, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष आलोक राजावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आवास के लिए जनता का सत्याग्रह छठवा दिन

### सत्याग्रहियों ने मनाया संविधान दिवस, नगरपालिका का किया घेराव

### मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने आकर मांगे पूरी करने का दिया आश्वासन



**कैलारस।** नगर परिषद कार्यालय पर जनता का आवास के लिए सत्याग्रह छठवें दिन भी जारी रहा। नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहरा कर संविधान दिवस भी मनाया और नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया। इस मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर बी एस राजोरिया ने पांचों मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। जिसमें पट्टे देने, स्वीकृत आवास हितग्राहियों के खातों में धनराशि आवंटित करने, किरायेदारों के लिए अच्छी जमीन चिन्हित कर पट्टे व आवास के पट्टे देने के आवेदन प्रस्तुति से रह गए हैं उन्हें प्रस्तुति के लिए समय देने। साथ ही जिन बस्तियों में पेयजल व्यवस्था नहीं है। वहां पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। आंदोलनकारी महिला पुरुषों ने आंदोलन के बाद फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। यदि आश्वासन पर कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व माकपा नेतागण अशोक तिवारी, महेश प्रजापति, राजेश गुप्ता, इब्राहिम शाह, भीकम जाटव, बॉबी धाकड़, कृष्ण प्रजापति, हरिओम गोयल, राजवीर सिंह धाकड़, ममता, पुष्पा शाक्य, मुन्नीबाई, गुलाबो बाई आदि ने किया। आन्दोलनकारी नेताओं ने इस दौरान हुई सभा को भी संबोधित किया।

## बाजरा खरीदी केंद्र बनाने में हुआ भारी लेनदेन, किसानों की आफत

### 30 किलोमीटर दूर निटेहरा को करुआ पर दिया खरीदी केंद्र, जड़ेरूआ के ग्रामीण अपेक्षित



**मुरैना।** नागरिक आपूर्ति विभाग के जिला प्रबंधक द्वारा गेहूं खरीदी के बाद अब बाजरा खरीदी केंद्र बनाने में भारी लेनदेन की खबरें सामने आ रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है, तो वही समिति वाले भी परेशान हैं। जिला प्रबंधक द्वारा मोटा लेन-देन कर मनमाफिक बाजरा खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो अब किसानों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। जिला प्रबंधक की कारगुजारियां लगातार सामने आ रही है, लेकिन जिला कलेक्टर एवं शासन द्वारा बरसों से मुरैना में पदस्थ उक्त अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही, इससे तमाम समिति संचालकों में आक्रोश व्याप्त है। सूत्रों से मिली ताजा जानकारी के अनुसार हाल ही में बाजरा खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें जिला प्रबंधक द्वारा काफी लेनदेन कर मनमाफिक तरीके से खरीदी केंद्र बना दिए गए हैं। बताया जाता है कि शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर करुआ गांव स्थित आनंदी वेयर हाउस मैं 30 किलोमीटर दूर निटेहरा समिति का खरीदी केंद्र बनाया गया है, जबकि जड़ेरूआ पास में ही है और जिला प्रबंधक द्वारा जड़ेरूआ प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था को खरीदी केंद्र नहीं बनाया गया है। सोचनीय विषय है कि उक्त समिति में आने वाले आसपास के गांव के किसानों को करुआ स्थित आनंदी वेयरहाउस मैं सहूलियत मिलती और परेशानियों से बचते तो वही नेटहरा के ग्रामीणों को बाजरा बेचने के लिए 30 किलोमीटर दूर आना पड़ेगा, इससे उनका समय और डीजल में पैसा बर्बाद होगा। इस मामले में जड़ेरूआ समिति के संचालक ने बताया कि हमारे कार्य क्षेत्र मैं आने वाले आनंदी वेयर हाउस में जड़ेरुआ को खरीदी केंद्र ना बनाए जाने से किसानों में रोष व्याप्त है, साथ ही उन्होंने बताया कि जिला प्रबंधक द्वारा लंबे समय से यहां मनमानी कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिक आपूर्ति विभाग के जिला प्रबंधक एक दशक से भी अधिक समय से यहां जमे हुए हैं तथा अपनी भ्रष्टाचार की जड़ें पूरे जिले में फैला चुके हैं। गेहूं खरीदी का मामला हो अथवा बाजरा खरीदी का, उनके द्वारा मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है।

# दिल्ली किसान आंदोलन की बरसी पर गोहद में हुआ धरना प्रदर्शन

**महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** प्रेम नारायण माहोर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गोहद से प्राप्त जानकारी अनुसार तीन किसान विरोधी कानूनों की वापसी की मांग को लेकर 26नबम्वर 2020 से संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर पिछले एक वर्ष दिल्ली सीमा पर चल रहे किसान आंदोलन की बरसी पर आज 26 नवंबर दिन शुक्रवार को गोहद तहसील पर संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आव्हान पर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान मजदूर नौजवान महिलाएं मौजूद थी इस आंदोलन की अगुवाई मध्य प्रदेश किसान सभा सीटू जनवादी महिला समिति नौजवान सभा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा की गई इस दौरान हुई सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा राज्य सचिव प्रेम नारायण माहोर किसान नेता ओमप्रकाश बाथम किसान सभा जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाहा किसान नेता राजेंद्र सिंहकिसान नेताराजेश शर्मा कुशवाह जनवादी जनवादी महिला समिति गोहद की सचिव शोभा माहौर जनवादी नौजवान सभा प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर सीटू से रसीद खां दलित शोषण मुक्ति मंच से हरगोविंद जाटव हरविलास माहौर ने संबोधित किया अपने संबोधन में सभी वक्ताओं ने केंद्र की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मजदूर विरोधी जो कानून बनाए जा रहे हैं उन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए उन्होंने कहा संयुक्त किसान मोर्चा जो आव्हान करेगा उसे गोहद में लागू किया जावेगा वक्ताओं ने कहा हमारे जन संगठन के पास जन विरोधी कानूनों को लेकर संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है इस दौरान गोहद एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली गई तथा गोहद एसडीएम को इस मौके पर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम दिया गया जिसमें स्वामीनाथन आयोग द्वारा की गई सिफारिश अनुसार किसानों को फसलों पर लाभकारी मूल्य का कानून बनाने किसानो की कर्जा मुक्ति आंदोलन के दौरान लगाए गए मुकदमे वापस लेने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टोनी को बर्खास्त कर उन पर हत्या का केस चलाने शहीद हुए किसान परिवारों को एक करोड़ मुआवजा उनके परिवार



को नौकरी 3 किसान विरोधी कानून वापस लेने 44 श्रम कानून की जगह चार लेबर कोड बनाए गए उन्हें रद्द कर जैसे थे वैसे बहाल करने नया विद्युत अधिनियम 2020 वापस लिए जाने सहित स्थानीय मांगें शामिल की गई इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर सरोज श्रीवास कैलाशी बाई श्रीवास त्रिवेणी कुशवाहा देवी जाटव राम श्री जाटव रामसखी प्रजापति चमेली बाई प्रजापति मीराबाई प्रजापति माया प्रजापति प्रेमवती प्रजापति अनीता सुनीता मुन्ना लाल कुशवाहा रामगोपाल बाल्मिक श्रीलाल माहौर साबिर खान आसाराम माहौर गंगा प्रसाद माहौर हरज्ञान माहौर मुरारीलाल आदिवासी मंगल राठौर कमल सिंह माहौर सहित भारी संख्या में महिला पुरुष नौजवान मजदूर उपस्थित थे इस दौरान अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरुद्ध भी एक ज्ञापन एसडीएम गोहद को राष्ट्रपति के नाम दिया गया।

## श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ग्वालियर ने किया मंत्री बिशाहूलाल साहू का पुतला दहन



**पुष्पांजली टुडे**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बिशाहूलाल साहू जिसके द्वारा क्षत्राणियों के खिलाफ दिये गये बेतुके बयान व आपत्ति जनक वक्तव्यों विरोध करते हुये राजू सिंह राजावत ग्वालियर चम्बल संभाग प्रभारी श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ग्वालियर के संरक्षण मे फूलबाग चौराहा ग्वालियर पर बिशाहूलाल साहू के मुख पर कालिख पोतकर पुतला दहन किया गया साथ ही यह मांग की गई की तत्काल प्रभाव से मंत्री बिशाहूलाल साहू को पद से निलंबित किया जाये तथा उसके द्वारा क्षत्रिय समाज से सामूहिक रुप से माफ़ी मांगी जाये अगर प्रसानन व सरकार के द्वारा कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य मे उग्र आंदोलन किया जायेगा.. आज के कार्यक्रम मे श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी,सहभागी और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे सभी का श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ग्वालियर टीम के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## वन-टू-वन

### क्षत्रिय महिलाओं का अपमान किया मंत्री बिसाहुलाल ने सार्वजनिक माफी मांगे'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** सवर्ण समाज सेवा संस्थान के पूर्व मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज त्रिपाठी(पत्रकार)ने मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट



मंत्री बिसाहुलाल द्वारा ठाकुर-ठाकर कहकर पहले तो क्षत्रिय समाज का सार्वजनिक रूप से अपमान किया मंत्री बिसाहुलाल ने पद के अहंकार में ठाकुर-ठाकर की महिलाओं को घरो से खींचकर काम कराने की कहकर महिलाओं का सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है, इसलिए मंत्री बिसाहुलाल जी सार्वजनिक रूप से महिलाओं और क्षत्रिय समाज से माफ़ी माँगे अगर माफ़ी नहीं मांगी तो महिलाओं के सम्मान में और क्षत्रिय समाज के सम्मान में हम सभी क्षत्रिय समाज के साथ है।

### लोडिंग वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार युवक हुआ घायल



**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर।** शिवपुरी खबर शिवपुरी से आ रही है जहां पर प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालियर बाईपास से आगे सेलिब्रेशन सतनवाड़ा की ओर से आ रही लोडिंग गाड़ी में बाइक सवार को मारी टक्कर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शाम 4~30 बजे की है जहां पर लोडिंग वाहन ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ वाहन एमपी 07 एल 23 44 के साला गिर्राज प्रजापति ने बाइक सवार आकाश सहगल को मारी टक्कर बाइक सवार युवक आकाश हुआ घायल जिसके चलते मौके पर 100 नंबर को दी जानकारी जिसके चलते 100 डायल करते हुए मौके पर 100 नंबर पहुंची और मामले को विवेचना में ले लिया गया।

### पुलिस को मिली बहुत बड़ी सफलता 1,50,000 रुपये कीमती 120 लीटर अवैध ओपी शराब व एक मोटर साइकिल कीमती 50,000जप्त कर एक आरोपी को दबोचा




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर ।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश चंदेल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया , एसडीओपी मनोज तोमर के निर्देशन में लगातार अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य दिनांक 24 /11/ 21 को मुखबिर की सूचना पर सिरसा मंदिर के पास रन्नौद रोड पिछोर पर एक मोटरसाइकिल से 40 -40 लीटर की 2 कैन ओ पी शराब ले जा रहे आरोपी राम बिहारी जाटव निवासी मोहनगढ़ को पकड़ा व आरोपी ने राकेश लोधी निवासी दुर्गापुर के यहां से ओपी शराब लाना बताया जिस पर से राकेश लोधी घर से छापा मारकर एक केन प्लास्टिक की में 40 लीटर ओपी शराब बरामद की ।आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) 49 क आबकारी एक्ट प्रकरण दर्ज दर्ज किया । आरोपी राकेश लोधी निवासी दुर्गापुर की तलाश जारी है । पुलिस टीम पर पिछोर में टी आई गब्बर सिंह गुर्जर ,उपनिरीक्षक नितिन भार्गव, सहायक उपनिरीक्षक अमर लाल बंजारा, शैलेंद्र सिंह चौहान , जहान सिंह, प्रधान आरक्षक अरविंद यादव, आरक्षक रूपेंद्र यादव , बृजेश राणा की सराहनीय भूमिका रही।

## मंत्री बिसाहू लाल के बंगले पर नारेबाजी कर श्री राजपूत महापंचायत ने सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल।** मंत्री बिसाहू लाल द्वारा राजपूत महिलाओं को काम कराने के लिए घर से खींचकर बाहर निकालने के बयान पर उठा आक्रोश थम नहीं रहा है। राजधानी भोपाल में मंत्री बिसाहूलाल के चार इमली स्थित बंगले पर पहुंचकर श्री राजपूत महापंचायत ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

उल्लेखनीय है कि अनूपपुर में आयोजित नारी रत्न सम्मान समारोह में मंत्री बिसाहू लाल ने ठाकुर समाज की महिलाओं को खींचकर घर से बाहर निकालने की बात कही थी। वीडियो वायरल होते ही माहौल गरमा गया। श्री राजपूत महापंचायत, करणी सेना, क्षत्रिय अखाड़ा समेत कई राजपूत संगठनों ने बिसाहू लाल के चार इमली शासकीय आवास पहुंचकर तीखे विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को श्री राजपूत महापंचायत के महासचिव अभय सिंह परमार के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष मोनिका ठाकुर, जयश्री ठाकुर, दीपिका सिंह बैस, राजमणि ठाकुर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह सोलंकी, गोपाल सिंह तोमर, दिनेश सिंह भदौरिया, गजेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह, योगेंद्र सिंह सिकरवार, निर्भय सिंह बैस समेत कई राजपूत सरदार मंत्री बिसाहू लाल कर बंगले पर पहुंचे। वहां तैनात पुलिस फ़ोर्स ने मंत्री के बंगले पर नहीं होने



की बात कहकर अंदर नहीं जाने दिया। राजपूत सरदारों ने बंगले पर प्रवेश की कोशिश की तो टीआई हबीबगंज ने वहां अतिरिक्त फोर्स बुला लिया। इसी बीच वहां एडिशनल एसपी जोन 1 अंकित जायसवाल भी पहुंचे। एएसपी के निर्देश पर टीआई हबीबगंज ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन लेकर प्रदर्शनकारियों को वहां से लौटा दिया। ज्ञापन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से विवादित मंत्री बिसाहू लाल को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की गई है।

## संविधान की उद्देशिका का वाचन कर मनाया संविधान दिवस



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** भारत के 72 वे संविधान दिवस पर जिले की लांजी तहसील अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम संविधान के जनक भारतरत्न डाक्टर बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात शाला के समस्त छात्र छात्राओं तथा शिक्षको द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। शाला में पदस्थ शिक्षक ईश्वर बांसोड़ ने छात्र छात्राओं को सविस्तार संविधान के बारे में जानकारी दी। शिक्षक ईश्वर बांसोड़ ने बच्चों को बताया कि भारतीय संविधान को निर्मित करने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों का समय लगा। जिसे अथक मेहनत से अपने स्वास्थ्य की चिंता न कर डॉक्टर बाबासाहब द्वारा निर्मित किया गया और 26नवंबर 1949 को इसे विधिवत अपनाया गया तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। संविधान के द्वारा देश के हर नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए जो हमारी ढाल बनकर हमे हमारे हक दिलवाते है। प्रारंभ में भारतीय संविधान में 395 अनुच्छेद 22 भाग और 8 अनुसूचिया थी किंतु विभिन्न संसोधनो के द्वारा आज संविधान में 470 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां है।



## सुतुर मठ प्रमुख शिवरात्रि देशी केन्द्र महास्वामी ने डॉ . महेन्द्रसिंह राजपुरोहित बन्नूर का किया बहुमान

**पुष्पांजली टुडे**

**मैसूरु~.** कन्नड़ साहित्य लोक मैसूरु व विश्मय पुस्तक भंडार के तत्वावधान में तथा सुतुर मठ प्रमुख शिवरात्रि देसी केंद्र महास्वामी के सान्निध्य में डॉ. गुब्बीगुडु रमेश द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया गया द्य दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ द्य सुतुर मठ प्रमुख का बहुमान किया गया द्य विभिन्न जनहित कार्य करने पर सुतुर मठ प्रमुख द्वारा समाजसेवी व बन्नूर पर्यावरण जागृति वैदिके के अध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान किया गया द्य समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर ने साहित्य जगत के विकास हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

## मेहगांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा: ओपीएस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक ओ पी एस भदौरिया ने विधायक निधि ग्राम पंचायत हरीक्षा मैं सीसी रोड एवं नाले के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

ग्राम पंचायत हरीक्षा में सीसी रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा की मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत को आत्म निर्भर एवं विकास के लिए किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोडूंगा, जिस कांग्रेस ने 15 माह की सरकार में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह नेताओं ने मेरे क्षेत्र के विकास कार्यों को रोका और



सौतेला बिहार किया दिया जिसे मैंने बर्दाश्त नहीं किया कि जिसमें गांव क्षेत्र की जनता ने मुझे विकास की जिम्मेदारी दी थी और आप के आशीर्वाद और कही गई बात को ना निभा पाऊं तो मेरा जनप्रतिनिधि पर रहना नहीं बनता था और मैंने उचित समय पर निर्णय लेकर मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने का निर्णय लेते हुए मेहगांव के विकास को गति प्रदान की आज जो सम्मान और मान आज जिस पद पर मैं आज आसीन हूं वह भारतीय जनता पार्टी की देन है और आपकी सेवा के लिए पीछे नहीं हटूंगा यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूं 7 हम सब अपने अपने बूथ केंद्रों पर भाजपा को मजबूत करते हुए जिला पंचायत के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम फहराकर ग्राम पंचायतों के विकास को आगे बढ़ाएं ग्राम पंचायत हरीक्षा में सड़क भूमि पूजन कार्यक्रम को योग पंडितों द्वारा राज्यमंत्री भदौरिया ने पूजा अर्चना कर विकास का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया द्य इस दौरान सरपंच किशोरी सिंह भाजपा मंडल महामंत्री रोहित करैया एवं अन्य गणमान्य जन भी उपस्थित रहें।

## सीरवी किसान छात्रावास पाली मे करियर मार्गदर्शन सेमिनार का हुआ आयोजन

**नेनाराम सिरवी**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली ~** सीरवी किसान छात्रावास व पाली शहर के कक्षा -12 से,कॉलेज विद्यार्थीयों, प्रतियोगिता परीक्षार्थीओ ने भाग लिया,करियर मार्गदर्शन सेमिनार के मुख्य वक्तागण विनोद सीरवी केनपुरा आर एस ,नवचयनित आई.ए.एस सुनील सीरवी आगेवा,नवचयनित आई ए. एस. डॉ. प्रकाश सीरवी नीपल द्वरा सभी छात्रों का करियर मार्गदर्शन किया गया सभीने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र को धैर्य और लक्ष्य को ध्यान में रखकरसिविल सेवा परीक्षा कि तैयारी करनी चाहिए ।सफलता अवश्य मिलेगी,अधिकारियो ने अपने संबोधन में कहा कि विपरीत परिस्तिथिया ही छात्र को उच्च शिक्षाकी और बढाती है,सभी ने जिज्ञासु छात्रों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया,इसके अलावा सभी ने अपनी शिक्षा के बारे में व अपनी करियर सफलता केराज सबके साथ शेयर किये, व्यवस्थापक चौधरी रमेश करणवा ने बताया कि इस अवसर पर सभी अधिकारियो का सीरवी किसान छात्रावास के



अध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्वमें माला साफा स्मर्ती चिन्ह देकर स्वागत किया गया,इस अवसर पर अखिलभारतीय सीरवी महासभा महासचिव भंवरलाल चौधरी किसान केसरी, सीरवी किसानछात्रावास के अध्यक्ष सुरेश चौधरी,सीरवी समाज सेवा समिति अध्यक्ष एवंसेवादल कांग्रेस जिलाअध्यक्ष प्रकाश चौधरी,लुम्बाराम गेहलोत ,पुखराज पंवार,डॉ मांगीलाल चौधरी, डॉ दिनेश चौधरी, डॉ प्रेम मनोहर सीरवी ,डॉओमप्रकाश राठौड़, डॉ मोहनलाल चौधरी, डॉ.रेखा सीरवी, पेमारामजी काग, डॉ रूपाराम सीरवी, सीरवी नवयुवक मंडल सचिव दिनेश परिहार, सीरवी नवयुवक मंडल अध्यक्ष भीमराज चौधरी, व्यवस्थापक चौधरी रमेश करणवा,बाबूलाल चौधरी,सुजाराम राठौड़,गोपाल चौधरी,चम्पा सीरवी,नारायणलाल चौधरी, शिक्षाविद भोलाराम बर्फा,रामचंद्र चौधरी,दलाराम,राकेश चौधरी, भीकाराम, मनीष चौधरी,स्कूल शिक्षाविद प्रभुराम चौधरी, अमराराम राठौड़, वेनाराम,नेमाराम सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे कार्यकम के अंत में सीरवी किसान छात्रावास के अध्यक्ष सुरेश ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।



## कबीर की वाणी से शुरू हुआ साहित्य का महाकुंभ

**इंदौर।** सिर पर उल्लास, उमंग, ओज के प्रतीक लाल पीले रंग के साफे, हाथों में तानपुरा, खड़ताल, मंजीरे जैसे देसी साज और कबीर गायकी की सकारात्मक बयार लिए शहर में तीन दिवसीय साहित्य और कला के महाकुंभ का श्रीगणेश हुआ। शुक्रवार की सुबह गांधी हाल परिसर में ठेठ देशज अंदाज में मुकेश चौहान ने साथियों के साथ कबीर गायन प्रस्तुत करते हुए साहित्य, संगीत और भाव की त्रिवेणी प्रवाहित कर दी। गुरु ज्ञान का सागर तमने लाख लाख वंदना व धीरे धीरे गाड़ी हाको मेरे राम गाड़ी वाले भजन प्रस्तुत लिए। इसके बाद माजिद खान ने साथी कलाकारों के साथ पधारो म्हारे देस की प्रस्तुति दी। ना केवल गायकी बल्कि घूमर नृत्य ने इसे और भी सजा दिया। मालवा से राजस्थान की रज का अहसास कराती इनकी प्रस्तुतियां आयोजन में अलग ही रंग ढंग घोल गई। पंड्या ने शिव तांडव स्त्रोत प्रस्तुत किया। कला व साहित्य के रसिकों से भरे सभागार में एक ओर जहां ज्ञान का आदान प्रदान हो रहा था, वहीं दूसरी और अपने आदर्श लेखकों, साहित्यकारों से मिलने, उनका आटोग्राफ लेने और सेल्फी लेने का सिलसिला भी जारी रहा। अंजना चक्रपाणि मिश्र ने शुरुआती सत्र का संचालन किया।

## पुलिस आयुक्त प्रणाली को हरी झंडी

**भोपाल।।** भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने संबंधी अधिसूचना को विधि विभाग ने हरी झंडी दे दी है। वित्त विभाग को भी इसमें कोई आपत्ति नहीं है। गृह विभाग में गुरुवार को अधिसूचना जारी करने संबंधी तैयारी को लेकर दिनभर बैठकें हुईं। अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ शुक्रवार को बैठक हो सकती है।

**केन्द्रीय मंत्री सिंह की मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक**

# MP को ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिकीकरण के लिए मिलेंगे 13 हजार करोड़

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिकीकरण और अधोसंरचना विकास के लिए 13 हजार करोड़ रूपए की राशि दी जाएगी। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में यह जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे सुधार प्रशंसनीय हैं। यहां विद्युत हानि कम करने की योजना और अपनाए गए नवाचार अभिनव और अनुकरणीय हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश को राशि स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह का आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, मध्यप्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने आज मध्यप्रदेश की धरती पर 1500 मेगावॉट के तीन सोलर पॉवर प्लांट्स का शिलान्यास किया है और ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए विस्तृत बैठक भी की है। ऊर्जा के लिए अधोसंरचना विकास के लिए तैयार योजना को सहयोग देने का सिंह से आग्रह किया गया था। केन्द्रीय मंत्री सिंह ने इस आग्रह को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली की बढ़ती खपत को और बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए केवल थर्मल और जल विद्युत पर निर्भर नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री के ग्रीन एनर्जी के संकल्प और स्वप्न को पूरा करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं।

मध्यप्रदेश किस तरह अधिक तेजी से बढ़े और



### सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए रोड मैप

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। किसानों और पंचायतों द्वारा खेतों पर कुसुम योजना में सौर ऊर्जा उत्पादन के कार्य को गति दी जाएगी। इससे किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी। केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न बाधाएँ दूर कर मध्यप्रदेश को ताप विद्युत सहित अन्य ऊर्जा उत्पादन के माध्यमों में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के हर घर तक बिजली पहुँचाने के लक्ष्य को राज्य में पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश तेजी से कार्य करेगा।

### साँची होगी ग्रीन सिटी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्थल साँची को पूरी तरह से ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। ग्रीन एनर्जी प्रधानमंत्री श्री मोदी का संकल्प है। इसके अनुरूप गैर पारम्परिक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृत-संकल्पित हैं। साँची एक ग्रीन सिटी होगी जहाँ पूरी की पूरी बिजली का जो उत्पादन होगा वो सोलर के माध्यम से होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व भर में सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।

### ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों के निरंतर प्रयास

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में कुछ सुधार करने हैं। प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में सभी आवश्यक सुधारों को मध्यप्रदेश सरकार पूरा कर लेगी। यह सभी सुधार करते हुए अभी जनता को 24 घंटे घरों में बिजली और 10 घंटे खेती के लिए बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बढ़ती हुई ऊर्जा की मांग के साथ-साथ उपलब्धता बढ़ती रहे, उसका रोड मैप हमने तैयार किया है। अनेक प्रोजेक्ट्स चाहे वो ओंकारेश्वर का फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट हो, छतरपुर में बिजली को स्टोर करके रखने की योजना हो या रूफ टॉप के माध्यम से सोलर के उत्पादन को बढ़ाने का सवाल हो, सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश कार्य कर रहा है।

# उमरिया के संजय गांधी ताप विद्युत गृह की एक और यूनिट बंद

**उमरिया।** संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट 4 नंबर की बायलर ट्यूब लीकेज से ठप्प होने के बाद, 26 नवम्बर को सुबह 5-07 बजे 210 मेगावाट की एक और नंबर यूनिट बंद हो गई है। 210 मेगावाट कि इस यूनिट में भी कोई बड़ी तकनीकी खराबी आने की जानकारी सामने आ रही है।

बताया गया है कि बायलर ट्यूब में लीकेज के अलावा भी कुछ और समस्याएं आई है। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई जानकारी प्रबंधन जारी नहीं की है। चीफ इंजीनियर हेमंत संकुल का कहना है कि जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है कि यूनिट कैसे बंद हुई।

गुरुवार को बन्द हुई थी एक यूनिट - संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट की एक यूनिट गुरुवार की शाम बंद हो गई थी। दूसरी यूनिट गुरुवार की शाम 5-10 पर बायलर ट्यूब में लीकेज के कारण बंद कर दी गई थी। इस बारे में जानकारी देते हुए संजय गांधी ताप विद्युत गृह के चीफ इंजीनियर हेमंत संकुले ने बताया था कि 210 मेगावाट की चार नंबर यूनिट में अचानक आई तकनीकी गड़बड़ी के कारण उसे बंद किया गया है। बायलर ट्यूब में लीकेज के कारण यूनिट बंद हुई है।

### दो नम्बर पहले से थी बंद

210 मेगा वाट की दो नंबर यूनिट पहले से ही बंद थी। गुरुवार को संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट की दो यूनिट बंद होने के बाद 210 मेगावाट की दो यूनिट और 500 मेगावाट की एक यूनिट यानी कुल 1340 मेगावाट में से 840 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था जो अब 210 मेगावाट की एक और यूनिट बन्द होने के बाद घटकर 630 मेगावाट रह गया है।

## पेंशन संघ की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनी वसंती शर्मा,जिला संयोजक रेणू शर्मा





**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी** -- पुरानी पेंशन बहाली संघ न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा बताया गया कि जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एवं जिला कार्यकारिणी शिवपुरी की अनुशंसा पर संघ के प्रांतध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी,महिला मोर्चा प्रांत अध्यक्ष श्रीमती पूजा श्रीवास्तव द्वारा महिला मोर्चा शिवपुरी के जिलाध्यक्ष पर श्रीमती बसंती शर्मा को एवं जिला संयोजक श्रीमती रेनू शर्मा को मनोनीत किया गया है संगठन अपेक्षा करता है पेंशन आंदोलन में मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को आंदोलन से जोड़ेंगे अपने मनोनयन पर जिलाध्यक्ष एवं जिला संयोजक द्वारा कहा गया कि हम लगन,निष्ठा से जिले की महिलाओं को पेंशन अभियान में जोड़ने संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक महिला कर्मचारियों के साथ मिलकर पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे मनोनयन पर संघ के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है और आशा करते हैं संगठन को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे मनोनयन पर बधाई देने वालों में जनक सिंह रावत,वीरेंद्र सिंह रावत,नीरज मिश्रा, नंद किशोर पांडे, जय कुमार शर्मा राजेश सोनी,बालूराम रावत, गजेंद्र सिंह सिकरवार, मनोरमा सरैया, कमलेश जारोलिया,मुकेश रावत,वंदना शर्मा, सुरेश रावत, वीरेंद्र शिवहरे, कैलाश वर्मा,सुल्तान सिंह, सहित संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा खुशी व्यक्त की गई है।

## नीति आयोग की रिपोर्ट पर सियासत, कमलनाथ ने शिवराज पर कसा तंज

**भोपाल।** नीति आयोग द्वारा जारी किए गए पहले राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक में मध्य प्रदेश का नाम देश में चौथे सबसे गरीब राज्य के रूप में दिखाने के बाद प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है. प्रदेश में बढ़ती गरीबी को लेकर कमलनाथ ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है. कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा है कि मैंने हमेशा से कहा है कि मुंह चलाने और सरकार चलाने में अंतर होता है. नीति आयोग द्वारा जारी किए गए पहले राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक एमपीआई में मध्य प्रदेश का नाम देश में चौथे सबसे गरीब राज्य के रूप में सामने आया है. मध्य प्रदेश में 36. 65 फ़ीसदी आबादी आज भी गरीब है।

**अभियान में मध्यप्रदेश के 16 लाख किसानों को मिलेगा लाभ**

# पशु एवं मछली पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड 15 फरवरी तक जारी होंगे

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग जे.एन. कंसोटिया ने बताया कि केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा 15 नवम्बर 2021 से 15 फरवरी 2022 तक नेशनवाइड एनिमल हस्बेंडरी डेयरी एवं फिशरीज़ केसीसी केम्पैनफ़ चलाया जा रहा है। प्रदेश में भी केसीसी अभियान शुरू किया गया है। इसमें पशुपालन गतिविधियों के लिये प्रदेश के 16 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। केसीसी अभियान में प्रदेश के सभी पात्र पशुपालकों और दुग्ध उत्पादक संगठनों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएँगे। श्री कंसोटिया द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को शिविर आयोजित कर जाँच-परख कर आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की जागरूकता और अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नालॉजी मेनेजमेंट एजेंसी), कृषि विज्ञान केन्द्र, एसआरएलएम, एनआरएलएम, पंचायत, कृषि, राजस्व आदि विभाग की भी मदद ली जाए।

### केसीसी कैम्पेन समन्वय समिति गठित होगी

जिला स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के लिये केसीसी समन्वय समिति गठित की जा रही है। समिति में अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक समन्वयक और समस्त बैंकों के जिला स्तर के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। जिलों में पदस्थ पशुपालन एवं डेयरी उप संचालक नोडल अधिकारी होंगे। सहकारी दुग्ध संघ के अधिकारी/कर्मचारी, उप संचालक से समन्वय स्थापित कर दुग्ध सहकारी समितियों से संबंधित पशुपालकों के आवेदन शिविर में प्रस्तुत करेंगे। वहीं दुग्ध संघ से इतर अन्य पशुपालकों के आवेदन उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी प्रस्तुत करेंगे। शिविर में सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्राप्त आवेदन का चेकलिस्ट अनुसार मिलान कर पूर्ण पाए जाने पर आवेदक को पावती दी जाएगी। वहीं कमी रहने पर आवेदक को लिखित में अवगत कराया जाएगा। सही आवेदनों का निराकरण 15 दिवस के भीतर हो जाएगा। अभियान की निगरानी के लिये प्रति सप्ताह डीएलसीसी और बीएलबीसी बैठक का आयोजन करने और सम्पूर्ण कार्यवाही से शासन को अवगत कराने के निर्देश दिये गये हैं।

## रेत का अवैध खनन कर रहे आरोपियों पर 23 करोड़ से अधिक का जुर्माना

**कटनी।** जिले में अवैध रूप से रेत खनन के एक मामले में महानदी के रजरवारा क्रमांक-1 के घाट में अवैध रूप से रेत का खनन करने के मामले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने 23 करोड़ रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा मौके पर जब्त किए दो वाहनों को राजसात करने के भी आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 14 जून 2019 को नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़, थाना प्रभारी और खनिज अमले के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण के दौरान एक जेसीबी और एक रेत लदा हाइवा जब्त किया था।

# बाबा साहब अंबेडकर बनाया भारत का संविधान : शर्मा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** संबिधान दिवस के अवसर पर अनसूचित जाति कांग्रेस ने शहर के वार्ड नॉ 4 में स्थापित संबिधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया।उक्त कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विनोद जाटव ने किया इस अवसर पर डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा कि भारत के संबिधान को बनाने के लिए बनी प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनाये गए उन्होंने 200 देशों के संबिधान का अध्ययन करके हमारे भारत देश का संबिधान बनाया जो कि पूरे विश्व के सबसे अच्छा है उनके द्वारा बनाये गए संबिधान में भारत के हर वर्ग का ध्यान रखा गया इस अवसर पर सन्तोषत्रिपाठी,विनोद जाटव रामजीलाल शाक्य,अशोक गुप्ता,हिम्मत सिंह हरिऔध,कमलेश जाटव,ममता मिश्रा,वीर प्रकाश श्रीवास्तव,सूरजपाल सिंह राजावत,अरबिंद सोनी,पिंटू शर्मा,गोबिंद शाक्य,अमित शिवहरे,आदि कांग्रेसजन उपस्तिथ हुए।



# सत्ता के नशे में बीजेपी मंत्री ने दिया विवादित बयान

**संतोष सिंह भदोरिया**

**मेहगांव** विधानसभा व पूरे मध्यप्रदेश में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत ने बीजेपी के मंत्री बिशाहुलाल के द्वारा क्षत्रिय समाज के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग किया जिसका क्षत्रिय समाज ने मेहगांव जिला भिण्ड में जूतों की माला पहनाकर पुतला फूंका जिसमें जिला संयोजक अरविंद सिंह राजावत अंकित तोमर मंत्री और मेहगांव विधानसभा अध्यक्ष संदीप सिंह भदौरिया और कौशलेंद्र भदौरिया मेहगांव उपाध्यक्ष व सैकड़ों की जनसंख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्यों ने मिलकर मुर्दाबाद के नारे लगाए और इस्तीफे की मांग के साथ माफी भी मंगाने को कहा साथ ही सरकार को इस पर ध्यान देने के लिए कहा । अगर ध्यान नही दिया तो चेतावनी देते हुए कहा कि 2018 की विधानसभा की चुनाव की तरह से अगले चुनाव के लिए तैयार रहें क्षत्रिय समाज पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी ।



# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की भोपाल में आयोजित बैठक में भिण्ड से भी पहुंचे भाजपा पदाधिकारी

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**9826576206**

**संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाकर 2023 और 2024 के लिए भिंड भाजपा पदाधिकारियों ने लिया संकल्प**

**भोपाल** ।भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की राजधानी भोपाल में आयोजित बैठक में भिंड जिले से भी प्रदेश पदाधिकारी,कार्य समिति के सदस्यों एवं जिला अध्यक्ष ने भाग लिया पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्य समिति के सदस्यों एवं जिले के प्रदेश पदाधिकारियों को तिलक कर अगवानी करते हुए उनका स्वागत किया भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में संगठन के केंद्रीय प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और वहीं 2023 विधानसभा 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया भोपाल में आयोजित भिंड से गए प्रदेश पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्यों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश चतुर्वेदी मध्य प्रदेश सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदोरिया,अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,वरिष्ठ नेता रमेश दुबे ,संजीव का कर वीरेंद्र सिंह राणा, कृष्णकांता तोमर,अशोक चौधरी, रोमेश महंत, अमरीश शर्मा गुड्डू,देवेंद्र सिंह नरवरिया शामिल हुए।



**कैबिनेट में लाने के लिए ड्राफ्ट भी किया तैयार**

# प्रदेश में जल्द होंगे पंचायत चुनाव, सरकार ने की तैयारी

**जबलपुर।** पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री गोपाल भार्गव ने जबलपुर में कहा कि प्रदेश में पंचायत चुनाव जल्द हो सकते हैं. इसकी फाइनल तैयारी सरकार ने कर ली है। इसे लेकर जो ड्राफ्ट कैबिनेट में लाया जाना है, उसे भी तैयार कर लिया गया है।

सरकार पंचायत चुनाव बहुत पहले करा लेना चाहती थी, लेकिन कोरोना की वजह से इन्हें स्थगित करना पड़ा था. ये चुनाव पुराने परिसीमन के आधार पर हो होंगे. कमलनाथ सरकार के नए सिरे से कराए गए परिसीमन को शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने रद्द कर दिया है.

मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव का बिगुल जल्द ही बजने वाला है. शिवराज सरकार ने इसकी फाइनल तैयारी कर ली है. कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया जाने वाला ड्राफ्ट भी तैयार है. यह जानकारी पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री गोपाल भार्गव ने जबलपुर में दी. पत्रकारों से चर्चा में गोपाल भार्गव ने गुरुवार को कहा कि कोरोना के कारण पूर्व में पंचायत चुनाव स्थगित किए गए थे लेकिन अब इसमें और देरी नहीं की जाएगी.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि साल 2014 के परिसीमन के आधार पर पंचायत चुनाव कराए जाएंगे. यहां आपको बता दें कि कमलनाथ सरकार द्वारा नए सिरे से कराए गए परिसीमन को शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने रद्द कर दिया है. गौरतलब है कि प्रदेश के 52 जिलों में 23912 ग्राम पंचायत, 313 जनपद पंचायत अध्यक्ष और 52 जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराए जाने हैं. मध्य प्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लेकर गोपाल भार्गव ने कहा कि पिछले 20 सालों से इसे लेकर किंतु-परंतु चल रहा है. अब जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दढ़ निश्चय कर लिया है और इसे अगले साल की शरुआत में लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नर प्रणाली के बहुत फायदे हैं. अभी फिलहाल भोपाल और इंदौर में इसे लागू करने की तैयारी है।

### वोटर लिस्ट में बदलाव शुरू

पंचायत चुनावों के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों की वोटर लिस्ट को फिर से अपडेट करने की कवायद शुरू कर दी है. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज (संशोधन) अध्यादेश से प्रभावित हुईं पंचायतों में वोटर लिस्ट अपडेट की जाएंगी. 6 दिसंबर को फाइनल वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी. जानकारी के मुताबिकराज्य निर्वाचन आयोग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 26 नवंबर तक उन मतदाताओं की पहचान कर लेंगे, जिनके नाम दूसरे मतदान केंद्रों की सूची में दर्ज होने हैं. राज्य निर्वाचन आयोग फोटोयुक्त वोटर लिस्ट के प्रारूप का प्रकाशन करेगा. ये प्रारूप ग्राम पंचायत और अन्य स्थानों पर 29 नवंबर को किया जाएगा. इसके बाद 3 दिसंबर तक आपत्तियां मंगाई जाएंगी. 4 दिसंबर को सभी आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा. वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 6 दिसंबर को कर दिया जाएगा. इस बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आयोग को 2014 की स्थिति में आरक्षण सहित अन्य जानकारियां देगा।

## टंट्या भील की शहीद स्थली केन्द्रीय जेल से पवित्र मिट्टी खण्डवा की गई रवाना

**भोपाल।** लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य में तथा सांसद राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज अमर शहीद टंट्या भील की शहीद स्थली नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर से सम्मानपूर्वक पवित्र मिट्टी का कलश खण्डवा ले जाने का भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर से लोक निर्माण मंत्री सहित सभी जन-प्रतिनिधि व नागरिकों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद टंट्या भील की शहीद स्थली की मिट्टी संग्रहित कर मंच स्थल पर कलश का विधिवत मंत्रोच्चार से विधि-विधान से अनुष्ठान किया गया।

लोक निर्माण मंत्री श्री भार्गव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के शहीद स्थल से मिट्टी संग्रहण के कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं गौरवशाली बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में सच बताने का दिन है। इतिहास में बहुत से ऐसे गुमनाम शहीद है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिये अपनी जान न्यौछावर की लेकिन इतिहास में उन्हें वह स्थान नहीं मिल पाया।

# भगवामय हुआ ग्वालियर, पथसंचलन में घोष वादकों के जयघोष से गूंजा शहर

## पुष्पवर्षा से हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत, क्षेत्र संघचालक अशोक जी सोहनी ने किया पथसंचलन का शुभारंभ





### क्षेत्र संघचालक अशोक जी सोहनी ने किया पथसंचलन का शुभारंभ

ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के चार दिवसीय प्रांतीय स्वर साधक संगम (घोष शिविर) के दूसरे दिन शुक्रवार की शाम को शहर में घोष वादकों का पथसंचलन निकला। पथ संचलन की शुरूआत वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर मान वंदना के साथ हुई। यहां पर क्षेत्र संघचालक अशोक जी सोहनी, अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील जी कुलकर्णी, प्रांत संघचालक अशोक जी पाण्डेय, क्षेत्र कार्यवाह अशोक जी अग्रवाल, ग्वालियर विभाग संघचालक विजय जी गुप्ता आदि ने पथसंचलन की शुरूआत की। पथसंचलन में शामिल 500 से अधिक घोष वादकों की जयघोष से शहर गूंज उठा। शहरवासियों ने आगे आकर जगह-जगह पथ संचलन में शामिल घोष वादकों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।



पथसंचलन से पूर्व मध्य भारत प्रांत के 31 जिलों के 550 से अधिक घोष वादकों को लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर एकत्रीकरण हुआ। मान वंदना के पश्चात् पथसंचलन की शुरूआत हुई। संचलन फूलबाग, लक्ष्मीबाई मार्ग, गुरूद्वारा, मोती तबेला, नदी द्वार, जयेन्द्रगंज, इंदरगंज होते हुए जीवायएमसी मैदान पर पहुंचा। यहां पर संचलन का समाचन हुआ। पथसंचलन में शामिल घोष वादक कदम ताल करते हुए चल रहे थे। उनके आगे खुली जीप पर महापुरूषों की प्रतिमाएं लगी हुई थीं। पथसंचलन का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र बौधिक प्रमुख विलास जी गोले, प्रांत कार्यवाह यशवंत जी इंदापुरकर, प्रांत सह कार्यवाह हेमंत जी सेठिया, विभाग सहसंघचालक अशोक जी पाठक, विभाग कार्यवाह देवेन्द्र गुर्जर, ग्वालियर जिला संघचालक रामभरोसे तोमर, सह संघचालक राजेन्द्र सिंह जी घुरैया, लश्कर जिला संघचालक प्रहलद सबनानी आदि उपस्थित थे।

### पथसंचलन का भव्य स्वागत

पथसंचलन का शहरवासियों ने भव्य स्वागत किया। लक्ष्मीबाई समाधि के बाद फूलबाग चौराहा, गुरूद्वारा, नदी द्वार, जयेन्द्रगंज, इंदरगंज, सनातन धर्म मंदिर सहित अन्य जगहों पर आमजन व सामाजिक संगठनों ने पलक फावड़े बिछाकर घोष वादकों का स्वागत किया। स्वागत के लिए मातृशक्तियां भी पीछे नहीं रहीं, वे भी घरों से निकलकर बाहर आ गईं और उन्होंने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### आकर्षण का केन्द्र बनी ऐतिहासिक प्रदर्शनी

केदारधाम में 28 नवंबर तक चलने वाली प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र बनी है। यह प्रदर्शनी आमजन के लिए खुली है। यहां पर रखे ऐतिहासिक वाद्य यंत्रों को देखने के लिए शहरवासी पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में रखे वाद्य यंत्रों की ऐतिहासिक गाथा बताने के लिए स्वयंसेवकों की टोली मौजूद रहती है।

### ग्वालियर आए डॉ. भागवत

स्वर साधक संगम में शामिल होने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी 26 नवंबर की रात्रि को ग्वालियर आए। वे 28 नवंबर तक शिविर में रहेंगे। इस दौरान घोष वादकों को डॉ. भागवत जी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### मार्ग की हुई सफाई

पथसंचलन के बाद स्वयंसेवकों एवं नगर निगम अमले ने मार्ग की सफाई की। मार्ग पर पड़ी फूल-पत्तियों की सफाई की। पूरे मार्ग को महज कुछ मिनट में ही साफ कर दिया गया।



# गंदगी फैलाने पर 68 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना वसूला

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए। शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शहर में दुकानदारों व आमजन से अपील की जा रही है। कि वह अपने पास डस्टबिन अवशय रखें जिससे गंदगी न फैल पाये तथा सूखा व गीला कचरा वाहन में अलग-अलग डालें।

अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार आमजन से सार्वजनिक स्थानों पर शौच, स्थलों, मार्गो, सडक किनारे, नालियां में कचरा या गंदगी न फेलाना, सार्वजनिक स्थानों पर थूकना, पेशाव करना, किसी भी प्रकार का कचरा जलाना, रासायनिक उपशिष्ट डालना, हानिकारक द्रव्य वहाना, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं पर कचरा न डालना आदि इन सभी के लिए आमजन को जागरूक किया जा रहा कि यह शहर हम सभी का इसको स्वच्छ व साफ रखने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। सार्वजनिक जगहों पर कचरा न डालें, कचरा सिर्फ कचरा वाहन में डालें। साथ ही गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

अपर आयुक्त श्री गुर्जर के निर्देशन में गंदगी फैलाने, या खुले में शौच, पेशाव व दुकानों पर डस्टबिन न होने पर विभिन्न वार्डो में जुर्माने की कार्यवाही की गई । जिसमें वार्ड-4 में 4000 रूपये, वार्ड-53 में 5050 रूपये, वार्ड 43 में 2500 रूपये, वार्ड-30 में 6000रूपये, वार्ड-7 में 5000 रूपये, वार्ड 44 में 2500 रूपये, वार्ड 16 में 4000 रूपये, वार्ड 11 में 1200 रूपये, वार्ड 13 में 8500 रूपये, वार्ड 14 में 1600 रूपये, वार्ड 34 में 5000 रूपये, वार्ड 2,3 में 5000 रूपये, वार्ड 35 में 3500 रूपये, वार्ड 26 में 200 रूपये, वार्ड 38 में 4000 रूपये, वार्ड 61 में 750 रूपये, वार्ड 18 में 1700 रूपये, वार्ड 36 में 500 रूपये, वार्ड 28 में 1900 रूपये, वार्ड 25 में 1250 रूपये, वार्ड 31 में 5000 रूपये सहित विभिन्न वार्डो से जुर्माना वसूला गया।

## निगम अमले ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। मदाखलत अधिकारी दक्षिण विधानसभा श्री सतेन्द्र भदौरिया ने बताया कि दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऊट पुल, पाटनकर तिराहा, गस्त का ताजिया, नई सड़क हनुमान चौराहा, जीवाजीगन्ज सरोद घर,महाराज बाड़ा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों से फुटपाथी दुकानो एव हाथ ठेलो सहित द्वारा अस्थाई अतिक्रमण, अवैध गुमटी, हाथ ठेल एवं अवैध कटआउट, बैनर हटवाकर एवं गंदगी फैलाने पर कार्यवाही की गई। साथ ही दुकानों के बाहर रखे सामान को जप्त किया गया।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान की प्रस्तावित यात्रा के दृष्टिगत अधिकारियों ने किया निरीक्षण

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के 27 नवम्बर को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा आज प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया। जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में इस दिन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले स्वदेश के स्वर्ण जयंती समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत का दृष्टिबोधन होगा। साथ ही इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघ चालक श्री अशोक साहिनी भी उपस्थित रहेंगे।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश हिंगणकर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री



किशोर कान्याल एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित ग?पाले सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने अटल सभागार पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पहले सभी अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन, सरोद घर एवं अन्य स्थलों का भी जायजा लिया।




## विभिन्न स्थानों पर बदले सीवर चेंबर

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर में स?क के लेवल से ऊंचे, नीचे सीवर चेम्बर एवं टूटे सीवर चेम्बर को बदलने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, शहर में कहीं भी टूटे चेंबर की शिकायत मिलने पर 24 घंटे के अंदर शिकायत का निराकरण किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सीवर शाखा ने बताया कि निगम के अमले द्वारा आज शुक्रवार को वार्ड-55 में खजांची बाबा की दरगाह वाला रोड सोनू पाल के सामने, वार्ड 52 में पेट्रेल पम्प वाला रोड, वार्ड 48 में दुर्गा कॉलोनी हेम सिंह की परेड, वार्ड 52 में शिव कॉलोनी गुडा वाली गली, वार्ड 49 में समाधिया कॉलोनी सतीश कन्नोजिया के सामने, हर कोटा आकाश जी के सामने, वार्ड 40 में गडी वाला मोहल्ला जाटव मोहल्ला रामा के सामने, वार्ड 44 में दौलतगंज अनिल बाबू मंगल के सामने, वार्ड 43 में चिटनिश की गोठ रोक्सी टॉकीज के सामने, वार्ड 50 में झूले वाली गली, वार्ड 44 में फालका बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर सीवर चेम्बर कवर बदलवाए गए।

## मुनिश्री ने शिवपुरी की ओर मंगल विहार, रात्रिविश्राम आईपीएस कालेज में रुके

### रोज प्रभु का नाम लो, बच्चों में संस्कार दो तभी होगी संस्कृति की रक्षा-: मुनिश्री

### मुनिश्री ससंघ का राजेश लाला मित्र मंडल ने ग्वालियर से आईपीएस कॉलेज तक विहार कराया।

ग्वालियर। हमें प्रतिदिन प्रभु की आराधना करना चाहिए। बच्चों को भी अच्छे संस्कार देना चाहिए तभी हम अपनी संस्कृति की रक्षा कर पाएंगे। जैन कुल में जन्म बड़े ही पुण्य के बाद मिल पाता है। हम भाग्यशाली हैं जो जैन कुल में जन्मे हैं। धर्म मार्ग को हमें अपने जीवन की गहराइयों में उतारना चाहिए। प्रतिदिन



जिनवाणी ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए। यह बात जैन मुनिश्री अरुण सागर महाराज ने शुक्रवार को मोतीझील से मंगल विहार के दौरान कही। मुनिश्री ने कहा कि हमें प्रभु को अपने मन रूपी वेदी मे विराजमान करना चाहिए। प्रभु तब ही हमारे अंतरमन में विराजमान होंगे जब हमारा मन साफ होगा। प्रभु के दर्शन जन्मों के पुण्य के प्रताप के कारण ही मिल पाते हैं। हमें बच्चों को संस्कार देने के लिए प्रतिदिन उन्हें मंदिर ले जाना चाहिए। एक अच्छे समाज और अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें बच्चों को संस्कार देना ही चाहिए। बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। वे जितने प्रगतिवान होंगे, राष्ट्र भी उसी के अनुरूप प्रगति करेगा।

# तानसेन समारोह व शहर के पर्यटन स्थलों को जोड़कर विशेष पैकेज बनाएं

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने प्रचार-प्रसार समिति की बैठक में दिए निर्देश

ग्वालियर। तानसेन समारोह को जोड़ते हुए विशेष टूरिज्म पैकेज तैयार कराएँ, जिससे स्थानीय टूरिज्म को बढ़ावा मिले। साथ ही तानसेन समारोह के बारे में प्रचार-प्रसार हो। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने तानसेन समारोह-2021 के प्रचार-प्रसार के लिये गठित समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तानसेन समारोह के बारे में प्रदेश के बाहर प्रचार-प्रसार की योजना तैयार कर उसे मूर्तरूप दें।



शुक्रवार को यहां मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार के टूरिज्म पैकेज तैयार किए जाएं, जिसके जरिए पर्यटक महाराज बाड़ा की फसाड़ लाइटिंग, डिजिटल म्यूजियम व शहर के अन्य पर्यटन स्थलों को देखने के बाद तानसेन समारोह का भी आनंद ले सकें। उन्होंने कहा शहर के होटल ग्रुप व टूर ऑपरेटर का भी इसमें सहयोग लें। साथ ही व्यापारिक व सामाजिक संगठन, बीएसएफ, एयर फोर्स व सीआरपीएफ सहित अन्य सरकारी और गैर सरकारी संगठनों को भी इन टूर पैकेज के बारे में बताएं। श्री सक्सेना ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला-बाल विकास श्री राजीव सिंह एवं स्मार्ट सिटी के जनसंपर्क अधिकारी श्री मनीष मिश्रा को लोकल टूरिस्ट पैकेज का समन्वय करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं भोपाल से पर्यटन बोर्ड के अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। यहाँ मोतीमहल स्थित मानसभागार में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह और अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य सहित पर्यटन, संस्कृति, आकाशवाणी, दूरदर्शन एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

### पर्यटकों व संगीत रसिकों को आकर्षित करने प्रदेश के बाहर भी होंगे प्रयास

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में कहा कि तानसेन समारोह एवं ग्वालियर के पर्यटन की तरफ बाहर के लोगों को आकर्षित करने के लिये प्रदेश के बाहर भी प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुरैना कलेक्टर समीपवर्ती आगरा जिले के कलेक्टर से, दतिया जिले के कलेक्टर झांसी से, गुना कलेक्टर कोटा से शिवपुरी कलेक्टर ललितपुर से और भिण्ड कलेक्टर इटावा जिले के कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय तानसेन समारोह के बारे में बतायेंगे, जिससे प्रदेश के बाहर के लोग तानसेन समारोह के प्रति आकर्षित हों।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478